तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 23 जून 2025

12 राष्ट्रीय प्रतिभा खोज में 5 विद्यार्थियों का चयन



13 आशा, संवाद और डॉन योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन






# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### वरि. आरक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में पांच दिवस वरिष्ठ आरक्षकों का अनुसंधान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल विशेष रुप से मौजूद थे। व्यख्याता के रुप में सेवानिवृत्त डीएसपी अजीत यादव, राकेश जोशी द्वारा आरक्षकों को प्रथम सूचना पत्र लेख करने से लेकर न्यायालय में चालान पेश करने तक की जानकारी दिया। इसके अलावा बारीकियों को समझाते हुए छोटे-छोटे प्रकरणों को बीएनएस की धारा में कार्रवाई किए जाने व मारपीट के प्रकरण, साधारण चोट, गंभीर चोट, प्राण घातक चोट की शुरुआती जानकारी दी गई। प्रथम सूचना पत्र लिखने का प्रशिक्षण, सड़क दुर्घटना के प्रकरण, घायल का मृत्यु के प्रकरण को लेकर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। आरक्षकों की परीक्षा आयोजित की जाकर ट्रेनिंग में प्रथम स्थान आरक्षक 971 उत्तम कुमार देशमुख थाना रानीतराई, द्वितीय आरक्षक 1677 बी. लक्ष्मण राव चौकी अंजोरा, तृतीय आरक्षक 1612 श्याम सिंह राजपूत चौकी जेवरा सिरसा ने हासिल किया। उक्त आरक्षकों को आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुरूस्कृत किया। व्याख्याताओं में अजीत यादव, राकेश जोश को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आईजी ने कहा कि वरिष्ठ आरक्षकों द्वारा सीखे हुए कार्यों को जिम्मेदारी से निर्वहन करना है। उत्साह से कार्य करना बताए।

### सेफ्टी सर्कल स्पर्धा में टॉप 20 टीमों ने दी प्रस्तुति

**भिलाई।** बीएसपी के एचआर-सार्वजनिक एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता 'सुरक्षा में भाग लेने वाली 83 टीमों में से चयनित शीर्ष 20 टीमों ने निर्णायकों के समक्ष पुनः प्रस्तुति दी। सुरक्षा स्पर्धा में निष्पक्षता व संतुलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रथम 20 चयनित टीमों को अन्य निर्णायकों के समक्ष दोबारा प्रस्तुतियां देने का अवसर प्रदान किया गया। इनके कार्यों का मूल्यांकन चार निर्णायक पैनलों द्वारा किया गया। एसके महतो, पुष्पा एम्ब्रोज़ आदि मौजूद थे।



## ब्लाइंड मर्डर... मां-बेटे की हत्या कर शव को पत्थर से बांधकर कुएं में फेंका

### लाश 4 दिन पुरानी: एसएसपी और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची

*गांव के दो अलग-अलग कुएं में मां बेटे की हत्या कर शव को पत्थर और मिट्टी में बांधकर ठिकाने लगाने का मामला सामने आया है। दोनों के शव का अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। शवों में दोनों के शरीर पर गंभीर चोट के निशान भी मिले हैं। फॉरेंसिक एक्टपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। संदेह जताया जा रहा है कि महिला व बालक का रिश्ता मां-बेटे का है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा। टीम ने शव को देख संदेह जताया कि दोनों शव चार दिन पुराना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह गांव में कुएं से बदबू आ रही थी। तब गांव के लोग कुएं में पानी भरने पहुंचे तो तैरता हुआ लाश एक बालक 10-12 वर्ष का मिला। तब सूचना अमलेश्वर पुलिस को दी गई। फिर थोडे दूरी पर एक महिला 30-35 वर्ष की लाश मिली। एक साथ दो अलग कुएं से लाश मिलने से ग्रामीण परेशान हो गए है।

महिला सलवार शुट पहनी हुई थी उसके शव को एक बोरे में बंदकर फूटबाल की तरह गोल कर कुएं में फेंका गया था। वहीं बालक को शव को भी इसी तरह ठिकाने लगाया गया था। हत्या करने वाले का तरीके एक समान है। मौके पर पहुंचे एसएसपी विजय अग्रवाल, एसडीओपी अनूप लकड़ा, क्राइम डीएसपी अजय सिंह और अमलेश्वर पुलिस पहुंची थी। देर तक शव का शिनाख्त करने ग्रामीणों से पूछताछ किया गया। मगर गांव के लोगों ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया।



### बॉडी डी-कंपोज हुई, बड़े षड़यंत्र के साथ हत्या

महिला व बालक के शव को मिट्टी, पत्थर से लपेट कर कुएं में फेंका गया था। लेकिन शव चार दिन पुराना होने पर डी कंपोज हो गया था। दोनों शव का मुंह नीचे की ओर था। पुराना होने पर शव का शिनाख्त करना पुलिस के लिए मशक्कत साबित हो रहा है। शरीर पर कोई खास निशान भी नहीं दिख रहा है कि दोनों शव का शिनाख्त किया जा सके। पुलिस शव को सोशल मीडिया में वायरल कर शिनाख्त का प्रयास करने में जुटी हुई है।पुलिस ग्राम समेत शहरी क्षेत्र से गायब लोगों की जानकारी भी जुटा रही है।



### गांव में लगा है सीसी कैमरा, पुलिस खंगाल रही

घटनास्थल के आसपास सीसी कैमरा लगे होने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है।शव का शिनाख्त नहीं होने पर मरचूरी में रखा गया है। परिजनों की तलाश में पुलिस है उनके मिलने के बाद ही पंचनामा पीएम कराया जाएगा। शव मिलने के बाद से पुलिस कुरुदडीह के आसपास में लगे सीसी कैमर को एक के बाद एक कर खंगाल करी है। लेकिन कोई खास सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। कैमरे के भरोसे पुलिस आरोपी तक पहुंचने का दावा कर रही है।

### पांच साल में 4 अंधे कत्ल को नहीं सुलझा पाई पुलिस

दुर्ग जिले पांच सालों में 12 अंधे कत्ल हुए लेकिन चार का शिनाख्त तक पुलिस नहीं कर पाई है। जिसमें नंदिनी, अमलेश्वर, पाटन और छावनी थाना क्षेत्र की घटना है। 2020 पाटन क्षेत्र में खोरपा नाला में बंद बोरी में महिला की लाश मिली थी। वर्ष 2019 अमलेश्वर में महिला की पैरावट में जलाकर हत्या किया गया था। 2024 को नंदिनी थाना क्षेत्र में ग्राम कोड़िया सगनीघाट में महिला की लाश मिली थी लेकिन पुलिस आज तक शिनाख्त कर कर पाई है। वर्ष 2018 में रानीतराई के नर्सरी में एक महिला का शव मिला था। जिसमें उसके साथ अनाचार के बाद गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की थी। तत्कालीन टीआई के खिलाफ जांच के बाद फाइल को बंद कर दिया गया।

### हर एंगल में जांच की जा रही है

दो अलग-अलग कुएं बालक व महिला का शव मिला है। पुलिस हर एंगल में जांच कर रही है। दोनों के शव का हाथ पैर बंधा हुआ था।शव का शिनाख्त के लिए पुलिस जुटी हुई है।
-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

## नर्सिंग में एडमिशन के नाम पर 7.91 लाख की ठगी, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले युवक को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रानीतरई ने कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने ग्राम बेलहारी रानीतराई निवासी रेवाराम साहू ने शिकायत किया था कि 2 अक्टूबर 2019 को बेटी को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन दिलाने के नाम पर मोबाइल धारक ने कॉल किया था। एडमिशन के नाम पर अज्ञात के बैंक खाते में 7 लाख 91 हजार रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया। रुपए खाते में ट्रांसफर होने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। पुलिस ने मोबाइल नंबर और घटना बैंक खाते नंबर का डिटेल खंगाला गया। मामले में पुलिस ने ग्राम गोरंगपुर थाना भद्रेश्वर पोस्ट बीघाटी जिला हुगली पश्चिम बंगाल निवास अनूप घोष को गिरफ्तार किया। आरोपी को पकड़ने रानीतराई पुलिस टीम रवाना हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड लाकर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## परेशानी...



### लिंक रोड पर चोक नाली सुधारने खोद दी सड़क, 4 दिन से पब्लिक हो रही परेशान

**भिलाई।** तस्वीर लिंक रोड कैम्प-1 की है। जहां 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। पिछले दिनों इस क्षेत्र का नाली चोक हो गई थी। इसके कारण सड़क से गुजरने वाली पाइपलाइन को बदलने के नाम पर सड़क को ही खोद दिया। पिछले करीब 4 दिन से सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिसके कारण दिन में कई बार सड़क में जाम की स्थिति बन रही है। बता दें कि इस मार्ग पर थोक विक्रेताओं की दुकान है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं, सड़क में चार पहिया वाहनों की आवाजाही नहीं होने से दिक्कत बढ़ गई है। निगम अधिकारियों की मानें तो जल्द ही पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

## अवैध शराब के साथ लकड़ी भी जब्त, तीन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



आबकारी वन, और राजस्व विभाग ने 250 अवैध शराब, 5 हजार लहान के साथ अवैध लकड़ी जब्त किया है। आबकारी आयुक्त श्याम धावड़ेके एवं कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के दिशा निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी सीआर साहू के मार्गदर्शन में ग्राम धोरी में अवैध शराब के निर्माण विक्रियधारण की सूचना मिली। टीम तुरंत ग्राम घोराडी पहुंची जहां से 250 लीटर महुआ शराब, 5हजार महुआ लहान जप्त किया। मौके पर 8 भट्टियां मिली पर खेत के रास्ते अज्ञात आरोपी मौके से फरार हो गए। वन, राजस्व विभाग के द्वारा महुआ शराब बनाने में उपयोग किए गए लकड़ी को जप्त किया। कार्रवाई में 3 पिकअप जलाऊ लकड़ी वन विभागने जप्त किया है। उक्त प्रकरण वृत्त प्रभारी अरविंद साहू के द्वारा जांच में लिया है। कार्रवाई में एसडीओ धनेश साहू, वन ,राजस्व और आबकारी अधिकारी भूपेंद्र नेताम , अनामिका टोप्पो , कीर्ति ठाकुर मुख्य आरक्षक संतोष दुबे ,प्रहलाद सिंह राजपूत ,आरक्षक खुलदीप यादव चालक नोहर ,धनराज टीम में मौजूद थे।

अब अड्डेबाजी कर नशाखोरी करने वालों की खैर नहीं

## पुलिस ने अभियान चलाकर 40 के खिलाफ की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सार्वजनिक स्थानों में दोस्तों के साथ बैठकर अड्डेबाजी करने और नशाखोरी करने वालों की अब खैर नहीं है। दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग और एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर अलग-अलग स्थानों पर एक साथ अभियान चलाकर इसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता और एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दुर्ग एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को टीम बनाकर अड्डेबाजी कर नशाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर 21 जून की शाम 6 बजे से देर रात 12 बजे तक अभियान चलाया गया। इस दौरान अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। भिलाई नगर, छावनी सीएसपी के साथ पाटन और धमधा एसडीओपी ने एक साथ टीम बनाकर ये अभियान चलाया है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल के नेतृत्व में एक टीम ने थाना जामुल क्षेत्र में 10, खुर्सीपार में 2 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इसी तरह भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी की टीम ने थाना भिलाई नगर क्षेत्र में 5, भिलाई भट्टी में 1, नेवई में 1, सुपेला में 3, दुर्ग सीएसपी चिराग जैन की टीम ने थाना दुर्ग में 3, मोहन नगर में 4, पद्मनाभपुर में 5, पुलगांव में 2, जेवरा सिरसा में 1 के खिलाफ कार्रवाई की। इसी तरह पाटन एसडीओपी की टीम ने पाटन में 1, रानीतराई में 1 और धमधा एसडीओपी की टीम ने धमधा में 1 के खिलाफ कार्रवाई की। इस तरह कुल 40 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

स्वैप मशीन को तोड़ा, सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही

## शास्त्री अस्पताल सुपेला में नशेड़ी ने मचाया उत्पात, दवा देने में देरी पर मेडिकल स्टोर के कर्मचारी को पीट दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला परिसर में मौजूद धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में बीती रात नशेड़ी ने जमकर उत्पात मचाया। दरअसल दवा लेने पहुंची एक महिला ने देर होने पर किसी को फोन कर बुलाया। नशे में धुत वह शख्स पहुंचा और मेडिकल कर्मचारी से बहस करने के बाद उसकी पिटाई शुरू कर दी। यही नहीं उसने पेटीएम का स्वैप मशीन भी पटककर तोड़ दिया और वहां से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुपेला पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को एक महिला धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में दवा लेने पहुंची। इस समय मेडिकल में दो कर्मचारी काम कर रहे थे। इस दौरान महिला बोली मुझे दवा जल्दी दे दो।

इस पर कर्मचारियों ने कहा कि थोड़ा रुक जाइए दवा देते हैं। इसके बाद पता नहीं महिला को क्या हुआ उसने किसी को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर में नशे में धुत शख्स पहुंचा और बहस करते हुए मेडिकल के कर्मचारी को पीटने लगा। कर्मचारी बार बार ऐसा करने से मना करता रहा लेकिन नशेड़ी उसे मारता रहा। कुछ देर बाद मेडिकल स्टोर के काउंटर रखी पेटीएम की स्वैप मशीन को भी पटकर तोड़ दिया।

### घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश





पीड़ित मेडिकल कर्मी का नाम हर्ष वैष्णव है। घटना की सूचना के बाद सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और मेडकल स्टोर में लगे सीसी टीवी फुटेज चेक किया। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। वहीं इधर मेडिकल स्टोर के कर्मचारी हर्ष ने कहा कि जिस समय महिला आई थी उस समय पहले से तीन चार ग्राहक थे जिन्हें वे दवा दे रहे हैं। थोड़ी देर रुकने कहा तो उसने फोन कर अज्ञात व्यक्ति को बुला लिया है। हर्ष ने बताया कि मारपीट करने वाला शख्स संभवतः महिला का पति है।


## पाठक सूचना




हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# थोक विक्रेताओं के आगे ठंडा पड़ा मछली बाजार शिफ्ट करने का अभियान

## मेयर का अभियान सिर्फ मौखिक निर्देशों तक रहा सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम की महापौर अल्का बाघमार द्वारा मछली बाजार शिफ्ट करने का अभियान सिर्फ मौखिक निर्देश तक ही सिमटकर रह गया। थोक बाजार के मछली विक्रेता को सिविल लाइन स्थित हाईजैनिक थोक मछली बाजार शिफ्ट होने नोटिस भी दिया गया था। लेकिन वे यह कहकर मुकर गए कि, वहां कैसे धंधा चलेगा और ग्राहक उस एकांत इलाके में कैसे आएंगे। यही कारण है कि निगम का अभियान औंधे मूंह गिर गया हैं।

इंदिरा मार्केट की आबादी इलाको से मछली बाजार को हटाकर सिविल लाइन स्थित हाईजेनिक बाजार में शिफ्ट करने मछली विभाग द्वारा करीब डेढ करोड रूपए खर्च किया गया था। वर्ष 2016 से बना यह भवन पूरी तरह से खंडहर हो चुका है। लेकिन शिफ्टिंग अब तक नही हुई हैं। महापौर ने विगत 23 अप्रैल को हाईजेनिक मछली बाजार का निरिक्षण किया था। इस दौरान उन्होने निगम प्रशासन को एक सप्ताह के अंदर सभी मछली विक्रेताओं को हाईजेनिक मछली बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे। लेकिन अब तक शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी नही हो पाई। हाईजेनिक बाजार पहले की तरह जस के तस की स्थिति में है। इंदिरा मार्केट के व्यापारियों का कहना हैं कि, विगत दिनों मेयर के निर्देश के बाद ऐसी उम्मीद थी कि, उन्हें यहां उठने वाले बदबू से निजात मिल जाएगी। निगम प्रशासन के लगातार प्रयास के बाद भी मछली बाजार के थोक व्यापारी वहां से टस के मस नही हो रहे हैं।

### पूरी सुविधा नहीं दी गई

व्यापारियों ने बताया कि, हाईजेनिक बाजार में सिर्फ पसरा आबंटित है। वहां चबूतरा तक नही है और पानी की सुविधा भी नही हैं। उनका कहना है वह इलाका आक्सीजोन पर है। रिहाइसी इलाके में बाजार से ज्यादा परेशानी होगी। इधर इंदिरा मार्केट में मछली बेचने वाले सत्तर से अधिक विक्रेता यहां दुकान लगाते हैं। यहां सुबह से देर रात तक सडांध से लोग परेशान रहते हैं। सुबह लोग दुकान खोलने जहां पहुंचते हैं, वहीं बदबु का भी आसपास के व्यापारियों को सामना करना पडता हैं।






### भिलाई में 18 नंबर रोड़ में फिर सजीं मांस की दुकानें

भिलाई में 18 नंबर सड़क कैम्प क्षेत्र में सुभाष चंद्र बोस चौक के आसपास अवैध रूप से मांस बिक्री के सेंटर खुले हुए हैं। बता दें कि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने इन दुकानों को हटवाया था। यहां दोबारा दुकानें संचालित हो रही हैं। रिकेश सेन ने दुकानों को दोबारा हटवाने के निर्देश दिए हैं।

**जर्जर घोषित**

इंदिरा मार्केट से मछली व मटन के विक्रेताओं के शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। जिस दुकान का उपयोग किया जा रहा है, उसे जर्जर घोषित भी किया जा चुका हैं।
**-अल्का बाघमार,** महापौर नगर निगम दुर्ग

---

## खबर संक्षेप

### समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग

**दुर्ग।** रेलवे रिडेवलपमेंट एवं अमृत भारत स्टेशनों में निर्माण कार्य का जायजा लेने तथा अन्य कार्यों एवं दुर्ग से रायपुर रेल खंड का निरीक्षण करने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को दुर्ग से रायपुर पहुंचने पर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, डीआरयूसीसी मेंबर संबलपुर ने विशाखापटनम-निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने ज्ञापन दिया। रायपुर डीआरयूसीसी के सदस्य विमल बाफना, दिलीप छुट्टानी, मनोज जैन, राजेंद्र जग्गी, लोकेश साहू, रेलवे संबंधी विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। विमल बाफना के नेतृत्व में ज्ञापन दुर्ग से कोटा उदयपुर वाया बिलासपुर नई ट्रेन शुरू करने, बिलासपुर पुणे ट्रेन को सांगली कोल्हापुर तक बढ़ाने, प्लेटफार्म में पेयजल, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था हेतु अतिरिक्त कुर्सियां लगाने, सीनियर सिटीजन के बैठने की व्यवस्था, प्लेटफार्म में आने से असामाजिक तत्वों को रोकने, जीआरपी पुलिस व्यवस्था, यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था, शाकाहारी मांसाहारी भोजन अलग अलग विक्रय करने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिस पर महाप्रबंधक ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### गुरु पूर्णिमा पर प्रभात कीर्तन यात्रा निकाली



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू के साधकों और युवा सेवा संघ द्वारा गुरु पूर्णिमा के निमित्त सुप्रचार प्रभात फेरी पदमनाभपुर दुर्ग से निकाली गई। प्रभात फेरी का मुख्य उदेश सुबह सुबह समाज के बीच आध्यात्मिक वातावरण, भगवान नाम का जप-कीर्तन की महिमा बताना था। संस्था द्वारा बताया गया कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है जिसकी तैयारी सभी आश्रमों में जोर शोर से चल रही है। गुरु पूर्णिमा का सुप्रचार करना समाज के लोग गुरु शिष्य की परंपरा को याद कर अपने अपने गुरु जनों का आदर सत्कार इस दिन जरूर करें। प्रभात कीर्तन पद्मनाभपुर में निकाली गई, जहां जगह जगह स्वागत वंदन भी किया गया। अंत में आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने बताया कि 29 जून को दुर्ग जिला में एक दिवसीय युवा शिविर का आयोजन संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में रखी गई है।

### हिट एण्ड रन दुर्घटना प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिषेक सिंह ने वाहन दुर्घटना में मृतक तथा दुर्घटना में घायल के परिजन को 2.50 लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतल कुमार यादव निवासी ग्राम खुटेरी तहसील आरंग जिला रायपुर की विगत 19 मई 2024 को कांजी हाउस के सामने कुम्हारी तहसील भिलाई-3 के पास सड़क दुर्घटना हिट एण्ड रन में मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार कुमारी नैनाप्रसाद पिता पिंटू प्रसाद निवासी राजीव नगर सुपेला निजाम किराना स्टोर्स के पास, वार्ड क्र 5 सुपेला भिलाई तहसील की 8 फरवरी 2024 को खारून ग्रीन के सामने जीई रोड के पास कुम्हारी में सड़क दुर्घटना हिट एण्ड रन अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

---

## जोड़-तोड़ : जुलाई के अंत तक नई टीमें दिखेंगी शहर की राजनीति में

# गुटीय संतुलन बनाने में जुटे भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी को लेकर दोनों कार्यकर्ताओं में होड मची हुई है। जिला कार्यकारिणी में दोनों दल अपने अपने बड़े नेताओं के बीच गुटीय संतुलन बनाने में लगे हुए हैं। जुलाई अंत तक दोनों दलों की नई राजनीतिक दंगल टीम मैदान में दिखेगी।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर फिलहाल पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से ही काम चला रहे है। संगठनात्मक मामलों में भाजपा ज्यादा सशक्त तरीके से तैयार होते नजर आ रही है।

भाजपा अपनी मंडल कार्यकारिणी की घोषणा भी शुरू कर दी है। वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर अभी ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की बैठके पूर्ण कर पाए है। राज्य में सतारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक अपनी नियुक्ति के बाद से ही नई टीम को लेकर पूरे 17 मंडलों में घूम-घूम कर बैठक ली। और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के उपरांत मंडल कार्यकारिणी की औपचारिकता भी पुरी की जा रही है। अभी तक 8 मंडल अध्यक्ष सहित मंडलों की कार्यकारिणी भी घोषित हो गई है।

### जिला कार्यकारिणी के लिए जारी है मंथन




मंडल कार्यकारिणी का गठन पूर्ण होने के बाद जिला कार्यकारिणी को लेकर राजनीतिक सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला कार्यकारिणी में उन लोगों को स्थान दिया जाएगा, जो समर्थवान हो और पार्टी के लिए अपना कीमती वक्त दे सके। गुटीय संतुलन बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। दुर्ग जिले की राजनीति में पूर्व सांसद सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव और स्वर्गीय हेमचंद यादव के समर्थकों का दब दबा रहा है। सभी गुटों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय बनाने की दिशा में जिला अध्यक्ष कोशिश कर रहे है। सभी 17 मंडल अध्यक्षों व कार्यकारिणी की घोषणा के बाद ही जिला कार्यकारिणी को लेकर मंथन को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जुलाई अंत तक जिला कार्यकारिणी की प्रक्रिया पूरी होगी। ऐसा बताया जा रहा है कि, जिले के नेताओं से रायशुमारी के बाद जिला कार्यकारिणी की सूची बनाकर अनुमोदन के लिए प्रदेश कार्यालय को भेजा जाएगा।

### कांग्रेस में भी बनेगी नई जिला कार्यकारिणी




इधर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का मन टटोला हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर पद संभालने के बाद दुर्ग जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का दौरा कर कांग्रेसजनों का मन टटोल लिया है। सूत्रों ने बताया कि जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एक दो ब्लॉक अध्यक्ष को छोड़कर बाकी पुराने ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट हैं। जबकि जिला कार्यकारिणी में नए लोगों को स्थान देने के पक्ष में बताई जा रहे हैं, नई कार्यकारिणी में काम करने वाले मेहनती कार्यकर्ताओं खासकर युवा लोगों को महत्व दिए जाने का संकेत मिला है। जिला कार्यकारिणी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी भी करेंगे। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस की नई जिला कार्यकारिणी भी जुलाई अंत तक गठित हो सकती है।

#### प्रदेश संगठन से होगी घोषणा



दुर्ग जिले के 17 मंडलों में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया अंतिम दौर पर है । चार पांच मंडलों की कार्यकारिणी प्रदेश संगठन के अनुमोदन के बाद घोषित होगी उसके बाद जिला कार्यकारिणी की घोषणा होगी।
**-सुरेन्द्र कौशिक,** जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्ग

#### वरिष्ठों की सहमति से बनेगी टीम



दुर्ग जिला कांग्रेस ने सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की अलग-अलग बैठक लेकर संगठनात्मक मुद्दों पर रायशुमारी की है। एक मजबूत विपक्ष के तौर पर संगठन को प्रस्तुत करने के लिहाज से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन जल्दी किया जाएगा। **-राकेश ठाकुर,** जिला अध्यक्ष ग्रामीण दुर्ग

---

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज में 5 विद्यार्थियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चीचा ब्लाक धमधा से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में 5 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमे कु रोमा वर्मा, ओमकार वर्मा, पलक चतुर्वेदी, तिलक साहू, राधुवेन्द्र साहू और प्रयास विद्यालय के लिए 2 जिसमें कु रोमा वर्मा, पलक चतुर्वेदी का चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए चीचा स्कूल के प्राचार्य जीपी देशलहरे प्रधान पाठक, एनएल साहू, उधो सिंह वर्मा, ग्राम पंचायत चीचा के सरपंच पुकेश साहू ने शाला परिवार को बधाई दी है। प्रधान पाठक ने बताया कि हमारे शिक्षक साथियों का ही प्रयास है जो हमारे विद्यालय से प्रति वर्ष चयन होते आ रहा है। जिसका बेहतर नतीजा है कि अब तक 83 बच्चों का चयन हो चुका है। शिक्षक श्री बघेल ने कहा कि चयनित बच्चों को छात्रवृत्ति के रूप में कक्षा बारहवीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार की राशि शासन से प्राप्त होता है और प्रयास विद्यालय में चयनित अब तक 4 बच्चों का हो चुका है जिसमे विगत वर्ष दो बच्चों का चयन हुआ था जो दुर्ग में अध्ययनरत है

## प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने वार्ड 43 नाला सफाई कार्य का किया निरीक्षण



**दुर्ग।** महापौर अल्का बाघमार दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर इंदौर रवाना हुई हैं। उनकी अनुपस्थिति में नगर निगम के सुचारू रूप से संचालन के लिए वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे को महापौर का प्रभार सौंपा है। महापौर श्रीमती बाघमार के मार्गदर्शन में महापौर नरेन्द्र बंजारे ने प्रभारी महापौर का प्रभार मिलने के बाद पहला कार्य स्वास्थ्य विभाग अमला के साथ वार्ड क्रमांक 43 सहगल ऑटो से लेकर सुभाष नगर तक में नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने नाला सफाई की व्यवस्था और गुणवत्ता का जायजा लिया और आवश्यक सुधारों के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा नाला सफाई की वर्तमान स्थिति और वर्षा पूर्व तैयारियों पर ध्यान दिया जा रहा है। सफाई के दौरान नाला के अंदर आस पास झाड़ियों को काटकर सफाई कर हटवाए। निरीक्षण में प्रभारी महापौर श्री बंजारे ने नाला सफाई के काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को चेताया और सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं होने की बात कही।

---

## अमेरिकी साम्राज्यवाद की बर्बरता के विरोध में सड़क पर उतरा छात्र संगठन, घटना की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने छात्रों को साथ लेकर अमेरिका के ईरान पर किए गए हमले के विरोध में रैली निकाली गई। घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया गया, साथ ही निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। रविवार को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) जिला दुर्ग समिति ने गांधी पुतला के पास दोपहर 3 बजे प्रदर्शन कर ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा किए गए अकारण बर्बर सैन्य हमले की निंदा करते हुए का ईरान इसराइल युद्ध अविलंब बंद करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा किए गए बर्बर सैन्य हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें सभी अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन किया गया है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की चेतावनियों को भी नजरअंदाज किया गया है। सभी शांतिप्रिय विश्व लोगों की राय की अवहेलना की गई है। अमेरिकी साम्राज्यवादी जंगखोरों ने पहले मध्य पूर्व में अपने फ्रंट ऑफिस ज़ायोनी इज़राइल को गाजा में नरसंहार करने के लिए उकसाया और उकसाया, जिसमें लाखों निर्दोष और असहाय फ़िलिस्तीनी मारे गए और अब ईरान पर अकारण घातक सैन्य हमला किया है, ताकि ईरान उनके हुक्म के आगे झुक जाए, जिससे क्षेत्र पर उनके वर्चस्व का विस्तार हो सके और उनके आधिपत्य की योजना को चुनौती न मिले।

- **रैली निकालकर किया प्रदर्शन**

## दुर्ग बना पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में अग्रणी

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस योजना का उद्देश्य असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को तकनीकी, व्यावसायिक और वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अधिक संगठित होकर अपने व्यवसाय को मजबूती दे सकें। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2020 से 2025 तक दुर्ग के लिए 130 उद्यमों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन लक्ष्य से कहीं अधिक 286 आवेदन तैयार किए गए। प्राप्त आवेदनों में से 55 अभी बैंक में लोन स्वीकृति की प्रक्रिया में लंबित हैं, जबकि 111 आवेदन विभिन्न कारणों से अस्वीकृत किया गया है जिसे स्वीकृत करने के लिए उचित कदम उठाया जाएगा।

## आशा, संवाद और डॉन योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



बाल विवाह को रोकने के लिए न्याय जागरूकता के लिए विशेष यूनिट आशा हासिए पर पड़े, कमजोर आदिवासियों और विमुक्त, घुमंतु जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करने हेतु संवाद एवं जागरूक्ता और कल्याण नेविगेशन नशा मुक्त भारत के लिए विशेष योजना डॉन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की अध्यक्षता में जिला न्यायालय दुर्ग के सभागार में किया गया। उक्त कार्यशाला में कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के प्रधान न्यायाधीश, विशेष यूनिट के समस्त सदस्य अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, पैनल अधिवक्तागण, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण विभाग, इकाइयों में सम्मिलित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं अधिकार मित्र उपस्थित थे। कार्यशाला में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूकता बढ़ाये जाने के लिए समस्त आवश्यक विभागों को एक प्लेटफार्म पर एकत्रित किया गया है। समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम शिविर का आयोजन कर लोगों तक विधिक सहायता पहुंचाने एवं जानकारी का सही लाभ प्रदान प्राप्त किया जाना है, क्योंकि योजना का सफल क्रियान्वयन सभी की सक्रिय भागीदारी से ही हो सकता है। इसके साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान व्यवहारिक कठिनाईयों का उचित निराकरण कर योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित किया जा सकता है।

- **अधिकतम शिविर का आयोजित करने करने निर्देश**

---

## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## रक्तदान शिविर में 120 लोगों ने किया रक्तदान, 70 को हेलमेट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



बीएनआई दुर्ग-भिलाई द्वारा वार्ड 21 श्री राम इंडोर स्टेडियम हनुमान नगर में रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों के साथ ही व्यापारी भी शामिल हुए। शिविर में मेयर अलका बाघमार भी शामिल हुईं। उन्होंने शिविर में लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सभी योग्य रक्तदाताओं से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की।

कार्यक्रम में मेयर श्रीमती अल्का बाघमार एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने सभी का मार्गदर्शन के साथ ही प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्षद अरुण सिंह ने भी भूमिका निभाते हुए योगदान दिया।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

इस आयोजन में करीब 120 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करवाई और 70 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया।सभी दान दाताओं को सर्टिफिकेट के साथ ही यातायात में जीवन रक्षक के स्वरूप हेलमेट भी प्रदान किया गया।

- **योग्य रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील**

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MSC Chemistry/CS
BCA AICTE Approved
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
☎ : 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

# हाईवे पर बेखौफ दौड़ रहा ई रिक्शा, ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं

## ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से बेखौफ, बिना लाइसेंस के चला रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल हाइवे पर बेखौफ तरीके से ई रिक्शा दौड़ रही है। इसके चालक ट्रैफिक नियमों कायदों को लगातार दर किनार कर चलते है। इसके कारण कई बार दो पहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते है। चालको की मानिटरिंग नहीं किए जाने के कारण सवारी के साथ ही इसका कमर्शियल उपयोग करने लगे है। ई रिक्शा को लेकर हरिभूमि लगातार अभियान चला रही है।

ई रिक्शा के चालको की लापरवाही के कारण सवारियों की जान पर कई बार बन आती है। ई रिक्शा को लेकर सावरी ढोने के लिए किया जाता है लेकिन यहां कर्मशियल तक उपयोग किया जा रहा है। ई रिक्शा चालक ज्यादा कमाई के चलते चालक इसका उपयोग कमर्शियल भी करते है। जबकि परिवहन विभाग ने ई रिक्शा के लिए कई गाइड लाइन लागू किया है मगर चालक इसका पालन नहीं कर रहे है। कई बार अधिक रकम कमाने के चलते अपने रिक्शे में टीएमटी समेत चावल, दाल तक ढोते ओव्हर लोडिंग करते है। कई ई रिक्शा चालक सवारी ले जाते समय नियमों की बेखौफ धज्जियां उड़ा रहे है। ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा ई रिक्शा के चालको की जांच नही किए जाने से कई वाहन चालक हादसों का शिकार भी होते है।

### ट्रैफिक व आरटीओ की सांठगांठ

सड़क पर चल रहे ई रिक्शा चालको पर दोनों विभागों की मेहरबानी के चलते चालकों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। कई ई रिक्शा चालकों के पास आज भी ई लाइसेंस नहीं है। बिना लाइसेंस के सड़क पर रिक्शा चलाए करते है। इसके अलावा चालक यूनिफार्म में भी नहीं रहता है। ई रिक्शा कभी भी स्टैंड में नहीं रुकती है। कई बार सवारी भरने की जल्दी में सड़क के बीच रोड पर चालक रोक देते है।



### भीड़ से होती है दिक्कत

भिलाई-दुर्ग में ई रिक्शों की बाड आ गई है। भीड़ के कारण ई रिक्शा के चालको को खुली छूट दी गई है। कहीं से भी अपने ई रिक्शा को निकाल लिया करते है। हाइवे में कतारों में ई रिक्शा खड़ी रहती है। इससे आने जाने वालों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि ई रिक्शा चालको के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई करती आई है।

## खबर संक्षेप



### महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी विधायक से शिकायत

**भिलाई।** रविवार को भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने अपने सेक्टर 5 स्थिति निवास में लोगों से मुलाकात की। इस दौरान एचएलसीएल सेक्टर 6 के लोग भी विधायक के पास पहुंचे। लोगों ने विधायक को बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है। आए दिन बार-बार बिजली गुल होता है। बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली को सुधार नहीं जाता। कई दिन 12 घंटे 24 घंटे तक भी लाइट गोल रहती है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्याओं को सुनकर विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। इनके अलावा छावनी और कुर्सी पर क्षेत्र से भी सैकड़ों की संख्या में लोग आए। जिन्होंने विकास कार्य और विभिन्न सुविधाओं की मांग की और अपनी-अपनी समस्याएं भी विधायक देवेंद्र यादव को बताई। लोगों ने विधायक को बताया कि महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी बस्तर में भर्ती प्रक्रिया में बड़ी गड़बड़ी हुई है। इस वजह से योग्य उम्मीदवारों को जगह नहीं मिल पा रही है। विधायक ने अन्य लोगों की भी समस्याएं सुनी। उनके निराकरण का भरोसा दिलाया।

### बच्चों का मुंह मीठा करा मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**उतई।** संकुल केन्द्र खोपली के तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के सभागार में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मंजू वर्मा सरपंच खोपली, अध्यक्षता प्राचार्य वीणा दुबे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य बिंदु देशलहरे, घुघसीडीह सरपंच ललिता बारले, शाला समिति के अध्यक्ष बीएल सपहा, मोहन पटेल, उपसरपंच देवेंद्र भारती, गोवर्धन बारले, अरुण कुमार ख़ुटेल आदि उपस्थित थे।

## किसानों की चिंता बढ़ी, पिछले साल वर्ष 2024 से कम बारिश

# पहली बार ऐसा कि दोबारा लौटा मानसून सप्ताहभर से बारिश का हो रहा इंतजार

### खेती-किसानी के साथ ही सेहत पर भी पड़ रहा है असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मई महीने में 50 साल के बाद मानसून समय से पहले आ गया। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा आने के बाद मानसून आगे बढ़ा नहीं और लौट गया। तीन दिन पहले 18 व 19 जून को फिर मानसून की वजह से प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई लेकिन यह फिर से रूठ गया। इस तरह दो बार हो गए मानसून लौट गया है। सप्ताहभर से मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। खासकर किसानों के लिए यह चिंता का विषय है। रबी फसल बुवाई का सीजन प्रारंभ हो गया है लेकिन बारिश का नामो-निशान नहीं है।



### प्रदेश में दुर्ग का तापमान सबसे ज्यादा

बारिश नहीं होने की वजह से तापमान बढ़ने लगा है। दुर्ग का तापमान पूरे प्रदेशभर में सबसे ज्यादा 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान बढ़ने से लोगों को चिपचिपाहट भरी गर्मी झेलनी पड़ रही है। शनिवार को तेज धूप थी लेकिन रविवार को पूरे समय आसमान पर बदली छाई रही। बादल आते-जाते रहे। शाम 4 बजे तो ऐसा लगने लगा था कि कि बारिश जमकर होगी। इसलिए कि घने काले बादल मंडराने लगे थे लेकिन हवा का रूख ऐसा बदला कि बारिश हुई ही नहीं।

### उत्तर की तरफ चला गया मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक मानसूनी हवाएं उत्तर की तरफ चली गई है। इस स्थिति तें गैंडफाल के लिए दिक्कतें आती है। 25 जून से मानसून का सिस्टम बन रहा है। इसलिए कि हवा की दिशा परिवर्तित हो रही है। ऐसी उम्मीद है कि इस बदलाव से मानसून फिर वापस आएगा और अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग ने इस साल 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान लगाया है लेकिन अभी तक बारिश की शुरूआत अच्छी नहीं होने की वजह से लोग चिंतित हैं।

### 25 जून से बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 25 जून को बनने की संभावना है। 23 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

### तीन द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका गुजरात के मध्य भाग से बांग्लादेश के मध्य भाग तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पंजाब से उत्तर बिहार तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### 1.36 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगनी है धान की फसल

दुर्ग जिले में 1.36 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली जानी है। किसानों ने मानसून समय से पहले आने की वजह से खर्रा बोनी शुरू कर दी थी लेकिन बारिश नहीं होने से बीज खराब होने लगे हैं। किसानों ने बताया कि 30 प्रतिशत किसानों के खेतों की जोताई हो पाई है लेकिन दोबारा बीज डालकर जोताई नहीं कर पाए। 60 प्रतिशत किसानों ने खेतों में बीज ही नहीं डाला है। केवल जिन किसानों के पास कृषि पंप है वहीं किसान बुवाई का कार्य कर रहे हैं। थरहा भी लगा रहे हैं। पानी अपने खेतों में पहुंचाने के लिए लोग दूसरे के कृषि पंप से पानी पैसे देकर लेने लगे हैं।

## आज मेगा कैंप, इलाज, लाइसेंस प्रमाण पत्र वितरण सहित रक्तदान

### भसीन के पुण्यतिथि पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गॉड ऑफ ऑनर से सम्मानित स्वर्गीय चुन्नीलाल भसीन के दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन लोक भारती स्कूल के सामने गायत्री मंदिर मैदान रामनगर में किया जाएगा। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए स्व भसीन की बेटी दिव्या भसीन मक्कड़ ने बताया कि उनके पिता सदैव लोगो की सेवा में लगे रहते थे तो उन्हें श्रद्धांजली देने लोगो के लिए यह मैगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक मेडिकल शिविर, स्व अभिषेक मिश्रा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सहयोग से जनरल सर्जरी आंखों का इलाज कान, गला इलाज व हड्डी रोग, स्त्री रोग जनरल मेडिसिन का इलाज किया जाएगा। शिविर में दवाइयां निशुल्क प्रदान की जाएगी। रक्तदान शिविर रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर, दंत चिकित्सा स्माइल डेंटल क्लिनिक इंदिरा चौक रामनगर और कैंसर का इलाज केयर सिनोमा केयर हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से किया जाएगा। आयुर्वेदिक इलाज अक्षय आयुर्वेद वैशाली नगर के डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा, एक्यूप्रेशर से बीमारियों का इलाज डॉ सिरसात द्वारा किया जाएगा। शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाइसेंस, आधार कार्ड भी बनाया जाएगा। बच्चों के भविष्य के लिए वह शिक्षा के क्षेत्र में क्या करें इसकी जानकारी करियर लॉन्चर सिविक सेंटर के शिक्षकों द्वारा दी जाएगी। शिविर का उद्घाटन सांसद विजय बघेल करेंगे और समापन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा किया जाएगा।

## जहां संतों की वाणी गूंजती है, वहीं मन को मिलती है शांति : सांसद विजय



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल कबीर आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने संतों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हम सब की जिंदगी में भाग दौड़ बेचता बहुत अधिक है। ऐसे में हमारे मन को कहीं शांति मिलती है तो वह संत कबीर साहब के आश्रम के जैसे स्थल पर आने से ही मिलती है। कबीर स्मृति दिवस पर आयोजित समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद रहने से ही जिंदगी में कोई प्रगति हासिल कर सकता है। कोसा नगर में कबीर निर्णय मंदिर के कबीर स्मृति दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समाज के संत आमोही साहब, संत पूर्णेन्द्र साहब, शीतल साहब, पंकज साहब, पुराण साहब, रतन साहब, शांति साहब, निकटेश्वर साहब सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के अनुयाई शामिल हुए। बघेल ने कहा कि संत कबीर साहब के कार्यक्रम में उन्हें यहां पहले भी आने का सौभाग्य मिला है।

## जवाहर मार्केट में बन रही नई पानी टंकी पेयजल की समस्या से मिलेगी मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिला भिलाई के मार्गदर्शन में भाजपा कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धी का कार्यक्रम जगदम्बा स्वीट जीई रोड पावर हाउस भिलाई में आयोजित किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन थे। विशेष रूप से अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, शंकर लाल देवांगन, राम उपकार तिवारी, के गणपति, प्रभुनाथ मिश्रा, कन्हैया लाल सोनी, अमित मिश्रा मौजूद थे। इस दौरान केंद्र सरकार के 11 साल में किए गए कार्यों को लेकर चर्चा की गई। रिकेश सेन ने कहा कि मेरा जन्म भी कैंप मंडल में हुआ। मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि आज वैशाली नगर विधानसभा का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। इसी कैंप मंडल में पानी टंकी का निर्माण जवाहर मार्केट के पीछे स्कूल के पास हो रहा है। इससे पानी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। विस क्षेत्र में दो-दो मेडिकल कॉलेज हैं। चंदूलाल मेडिकल कॉलेज, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज इतने कम समय में इतने विकास कार्य हुआ है कि आने वाले समय में वो देखने को मिलेगा। इसकी कोई कल्पना भी नहीं की जा सकेगी। बैठक में तरुण सिंह, अशोक गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, लतेल यादव, संजय जयसवाल, शिवनारायण गुप्ता, धर्मेंद्र पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

## हॉस्पिटल सेक्टर से बेदखल किए गए परिवारों को 9 साल बाद भी नहीं मिला पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- लोग प्रतिवर्ष अपने खर्चे पर करा रहे मेंटेनेंस

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति, महिला मुक्ति मोर्चा के बैनरतले महिलाओं का प्रदर्शन जारी है। महिलाओं ने बताया कि 9 साल पहले उन्हें बेदखल किया गया, वे इस मामले को लेकर कोर्ट की शरण में हैं। कोर्ट में अब तक स्टे बरकरार है। बीएसपी प्रबंधन हर बार मकानों को जर्जर बता रहा है, लेकिन जिन परिवारों को बेदखल किया गया था, वे मेंटेनेंस कराकर उनमें निवासर हैं। इसे लेकर महिलाओं ने बैठक की। बैठक में जानकारी दी गई कि हाईकोर्ट बिलासपुर ने 2016 में स्टे दिया, जो आज तक जारी है। कोर्ट ने कहा था कि मजदूरों को आवास प्रदान किया जाए, लेकिन 9 वर्ष होने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।सं यंत्र द्वारा उच्च न्यायालय में जानकारी दी जा रही है कि बिल्डिंग जर्जर है। जल्दी खाली कराओ। जबकि हॉस्पिटल सेक्टर निवासी हर वर्ष मरम्मत करा रह रहे हैं। प्रभावित परिवारों ने पुनः मांग की है कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाए। प्रभावित क्षेत्र को बीएसपी निगम के हैंडओवर कर दे, जहां भी पीएम आवास का निर्माण कराया जा सकता है। बैठक में निरा डेहरिया, अम्मा, गंग्म्मा, चनचम्मा, पुष्पा बारले, सारदा मेश्राम, सिंदुरिया, चमेली, राही, नारायण राव, अकबर आदि मौजूद थे।

## वैशालीनगर में बनेगा देवधाम, नौ समाज के प्रतिनिधियों से मिले विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर प्रांगण में मां काली की पूजा अर्चना कर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने स्कूटी से वार्ड भ्रमण यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान राम नगर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ उन्होंने सड़क किनारे 50 लाख की लागत से फुटपाथ निर्माण का शिलान्यास किया। वे जवाहर नगर वार्ड पहुंचे। जहां निगम की जमीन पर स्थापित लगभग एक दर्जन विभिन्न समाज के मंदिरों और सम्पूर्ण स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने सामाजिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। साथ ही घोषणा की कि इस क्षेत्र को देवधाम के रूप में विकसित किया जाएगा। रिकेश ने मंकिनम्मा मंदिर, रेणुका एलम्मा देवी मंदिर, नुकाम्बिका देवी, विराट पोतुलूरी वीर ब्रम्हेंद्र स्वामी मंदिर और मां सिन्धु पाटरानी मंदिर में दर्शन कर तेलुगू, उत्कल, वैश्य, चित्रगुप्त, यदुवंशी, कसौंधन वैश्य समाज प्रतिनिधियों सहित लगभग 9 समाज के स्थापित मंदिर और परिसर का दौरा किया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके सभी सामाजिक आयोजन मंदिर प्रांगण में ही होते हैं। सड़क न होने से बरसात के समय यहां मैदान और परिसर में पानी का जमाव होने से मंदिर तक पहुंचने काफी दिक्कत होती है। विधायक ने इस स्थल पर सभी मंदिरों के लिए सीमेंटेड पहुंच मार्ग, ट्यूबलर पोल से स्ट्रीट लाईट सहित समुचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। डोम शेड और मंच निर्माण की जानकारी ली।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**अंडा।** ग्राम खपरी में पूर्व माध्यमिक शाला खपरी एवं प्राथमिक शाला खपरी में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला खपरी के एक बालक का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ। कक्षा पांचवी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। प्राथमिक शाला खपरी में नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठाकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच अनुसूया नारायण साहू, चितरंजन साहू, नारायण साहू प्रधान पाठक भोजराम यादव आदि मौजूद थे।

### सांसद विजय बघेल ने केंद्र शासन से चर्चा करने का दिया आश्वासन

# लीज नवीनीकरण को लेकर सांसद ने व्यापारियों को दी बीएसपी के गुमराह करने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लीज नवीनीकरण को लेकर व्यापारियों और बीएसपी प्रबंधन में गतिरोध जारी है। इस विषय को लेकर व्यापारियों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। इस पर सांसद ने उन्हें अवगत कराया कि बीएसपी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के बीच निष्पादित पट्ट के साथ हुए अनुबंध के तहत नवीकरण लीज अनुबंध के तहत करने से जुड़ी जानकारी दी है। बीएसपी ने स्पष्ट किया है कि केंद्र शासन ने यह भूमि सेल बीएसपी को सौंप दी है। कंपनी द्वारा केंद्रीय शासन को शेयर के रूप में प्रतिफल स्थानांतरित करने के बाद हुए दो असाइनमेंट डेट के एग्जीक्यूशन एवं संबंधित महत्वपूर्ण विधिक विवरणों की ड्रिलिंग के बाद उसने ऑपरेटिंग भाग में निम्न अनुसार उपरोक्त भूमि स्वामित्व भिलाई इस्पात संयंत्र को होना बताया है। ऐसी स्थिति में हमारे नियमों शर्तों के तहत प्रभावित पक्ष को रहना होगा। सांसद ने व्यापारियों को बताया कि संयंत्र ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री महोदय को गुमराह किया है। गलत जानकारियां देकर प्रकरण को विवादित बनाने की कोशिश की है। 75 व्यापारियों को सांसद ने वस्तु स्थिति से अवगत कराया। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि चेंबर के पदाधिकारी एवं व्यापारियों की संपन्न बैठक में हम सभी ने भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा मुख्यमंत्री को गुमराह करने की कोशिश किए जाने की कभी निंदा की है। पत्र में विषय से अलग हटकर बाकी सब बातों को भिलाई इस्पात संयंत्र ने लिखा है। एक राज्य में भूमि का स्वामित्व किसी के पास भी हो सकती है, लेकिन राज्य के नियमों के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र को शहर वासियों के लिए काम करना होगा।






हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 फिटनेस के लिए फैशन





● निकुम में चौथे दिन शिवोहम शिवमहापुराण कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा सीहोर वाले ने कहा

# अपनी भक्ति पर विश्वास करने वाले को भगवान शंकर स्वीकार कर लेते हैं

**भिलाई। निकुम** निकुम में जय महाकाल समिति द्वारा आयोजित शिवोहम शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि पूर्व का अच्छा कर्म है कि हमें मानव शरीर मिला। भगवान शंकर की भक्ति में सबसे ज्यादा जरूरी है वह है विश्वास। उन्होने दक्ष प्रजापति द्वारा माता सती की स्वयंवर की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि माता सती द्वारा जब द्वारा पर रखे भगवान शंकर की पत्थर की मूर्ति पर वरमाला डालती है तो भगवान शंकर प्रकट हो जाते हैं। अपनी भक्ति पर विश्वास करने वाले को शंकर स्वीकार कर लेते हैं। उन्होने कहा कि शास्त्र में शिवमूर्ति का विधान बहुत अच्छा है। मूर्ति ऐसी जगह रखना चाहिए कि लोग उसका दर्शन कर सके। एक बेलपत्री चढ़ा सके। उनकी थोड़ी-बहुत अराधना हो सके। व्यासपीठ का पूजन जय महाकाल समिति के संयोजक व आयोजक रूपेश देशमुख, परिवार के सरयूप्रसाद देशमुख, श्रीमती टिकेश्वरी देशमुख, लीलावती देशमुख, विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, भिलाई निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, रिसाली महापौर शशि सिन्हा आदि ने किया।



शिव महापुराण कथा के दौरान आयोजक रूपेश देशमुख व अन्य

### सिर पर पत्नी नहीं माता पिता शिरोधार्य हो

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं मिश्रा ने कहा कि माता सती जब विवाह कर कैलाश आई तो वहां धन-दौलत, ऐशोआराम की चीजें नहीं थी। तब सती माता ने कहा कि स्वामी पति साथ में हैं तो दौलत नहीं धैर्य की जरूरत पड़ती है। धर्मपत्नी का सबसे बड़ा लक्षण है पति के घर में कुछ भी न हो तो ग्लानि न करे। यह विश्वास हो कि मैं घर में सब कुछ लाकर भर सकती हूं। पं. मिश्रा ने कहा कि लोग पूछते हैं कि पत्नी को बाई ओर बिठाना चाहिए कि दाई ओर। मेरा कहना है कि पत्नी को कहीं भी बिठाओ या अपने दिल पर रखो लेकिन सिर पर केवल माता-पिता की आज्ञा शिरोधार्य हो।

शिवपुराण की कथा सुनने विधायक गजेन्द्र यादव कार्यकर्ताओं के साथ आयोजन स्थल निकुम पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ में पं. मिश्रा से आशीर्वाद लेकर श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा सुने और आरती में भी शामिल हुए। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए रेडियमयुक्त पट्टी अभियान का पोस्टर का विमोचन किया।



### हजारों लोग ग्रहण कर रहे हैं भोजन भंडारा में प्रसाद

कथा स्थल से कुछ ही दूर पर विशाल भोजनालय बनाया गया है। यहां पर सुबह 9 बजे से लोगों को भोजन कराया जाता है। दूर दराज आने वाले लोग भोजन ग्रहण करने के बाद कथा पंडाल में पहुंचते हैं। भोजन की व्यवस्था करने ग्राम निकुम सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीण दिन भर सेवा देते रहते हैं।



### बेलपत्र व भस्म की कोई एक्सपायर डेट नहीं

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि बेलपत्र व भस्म की कोई एक्सपायर डेट नहीं होती। जो भी व्यक्ति साल में एक बार भी शिवलिंग पर चढ़ा बेलपत्र खा ले, तो पूरे सालभर तक पेट में बेलपत्र का असर रहता है। बेलपत्र में वो अंश मौजूद रहता है। एक बेलपत्र को ही 12 ज्योर्तिलिंग में बारी-बारी से समर्पित करते रहो तो भी भगवान शंकर को स्वीकार है। उन्होने कहा कि दुनिया में केवल बेलपत्र का ही वृक्ष ऐसा है जिसमें लगा फल यदि न भी तोड़ा जाए तो पका हुआ वापस हरा हो जाता है।

### 30 जुलाई से 5 अगस्त तक शिवमहापुराण की कथा भिलाई में



- बोल बम सेवा समिति द्वारा सावन माह के अवसर पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा जयंती स्टेडियम में होगी। आयोजक दया सिंह ने बताया कि 30 जुलाई से 5 अगस्त तक कथा होगी।

**सिटी इवेंट**

## बुजुर्गों की सेवा करने पहुंची अग्रवाल समाज की महिलाएं, नाश्ता कराकर बिताया समय



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में फल, नाश्ते, बिस्कुट, मिक्चर एवं पानी रखने की बोतल का वितरण किया। भीषण गर्मी में ठंडा ठंडा आमरस पीकर वहां पर रह रहे बुजुर्गों को बहुत ही राहत मिली और आनंद आया। अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा सरिता गोयल ने बताया कि इस पुण्य कार्य में सहयोगी रही कोषाध्यक्ष संजना पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष प्रीति राजगढ़िया, कार्यकारिणी मुक्ता गर्ग एवं समाज की संरक्षिकायें निर्मला बंसल, अनिता बंसल, एवं महिला मंडल से कमलेश गोयल, ज्योति गोयल, शशि गोयल, संतोष बंसल, कमला खेतान, कंचन खेतान, कंचन मित्तल, कुसुम देवड़ा, सरला अग्रवाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहां रह रहे बुजुर्गों ने सबके साथ मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

## तैलिक साहू को एकजुट करने चलेगा अभियान, राष्ट्रीय बैठक में निर्णय

**भिलाई।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं आमसभा का आयोजन बिहार के पटना में किया गया। दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेश के साहू समाज प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल हुए। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वाति साहू भी बैठक में शामिल हुईं। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर ने किया। साहू ने बताया कि तैनिक साहू समाज को एकजुट करने अभियान चलाया जाएगा। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रगति का सशक्त मंच है। आज जब युवा पीढ़ी अपनी पहचान और भूमिका को लेकर सजग हो रही है, ऐसे में इस संगठन से जुड़कर हम सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण की दिशा में मील के पत्थर रख सकते हैं। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समावेशिता, संगठन की रणनीतियाँ और



राजनीतिक सहभागिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का समापन एकता, समानता और प्रगति के संकल्प के साथ हुआ, जो समाज के लिए संवाद और दिशा दोनों का संकेत बना। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, संदीप साहू, डॉ. नारायण साहू, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, ममता साहू, रामगोपाल साहू, विष्णु राम साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## ललित कला के भिलाई में सेंटर खोलने सांसद से मिले कलाकार



**भिलाई।** ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के विषय को लेकर भिलाई के कलाकार एक बार फिर सांसद विजय बघेल से मिले। कलाकारों ने सांसद को वस्तु स्थिति की जानकारी दी। कलाकारों ने अवगत कराया कि वे छत्तीसगढ़ के कलाकार मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। सांसद ने कहा कि राज्य में केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय का एक भी संस्थान नहीं है। यदि रीजनल सेन्टर बनता है तो इससे छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति का व्यापक विकास होगा। वे मुख्यमंत्री से कहेंगे कि विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल किए गए मोदी की गारंटी के स्वरूप में इस वादे को भी शीघ्र पूरा करवायें। सांसद से मुलाकात के दौरान ललित कला अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## आरोग्यम में हर शनिवार मेडिटेशन शिविर, दिए जाएंगे हेल्थ टिप्स




**दुर्ग।** आरोग्यम में दवाओं के साथ योग और मेडिटेशन के लिए अब नियमित रूप से शिविर लगाया जाएगा। शिविर बिल्कुल निशुल्क होगा, हफ्ते में एक दिन यानी शनिवार को सुबह साढ़े 8 बजे से यह शिविर आम लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। आरोग्यम हॉस्पिटल में पहले ही शरीर, मन और आत्मा को जगाने का अभियान शुरू हो चुका था। अस्पताल के डॉक्टर्स, स्टाफ, मरीज और आमजन सब एकसाथ मेडिटेशन कर रहे हैं। आरोग्यवेदा के प्रख्यात डॉ. प्रेम लाल पटेल ने पूरे हॉस्पिटल परिसर को योग के माध्यम से ऊर्जावान बना दिया है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, यह आत्मा की सफाई है। तन और मन दोनों को स्वस्थ बनाना इसका असली उद्देश्य है। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. नवीन राम दारुका ने कहा कि अगर हम दिन की शुरुआत योग से करें तो दवा की जरूरत कम हो जाएगी।

त्रिवेणी जैनतीर्थ सेक्टर-6 में धर्म प्रवचन का पांच दिवसीय आयोजन, योग अभ्यास भी कराया

## ओम का जाप करते हुए जैन धर्म की विश्व वंदनी सम्मेद शिखर के 24 तीर्थंकरों का किया ध्यान, विधि-विधान से किया अभिषेक

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में पांच दिवसीय धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अंतर्गत रविवार को 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा पर भक्तों ने अभिषेक किया। जहां शांति धारा राजीव जैन और चिंकू बाकलीवाल ने किया। अभिषेक करने वालों में पारसनाथ दिगंबर जैन सभा एवं रुआबांधा मंदिर के ज्ञानचंद बाकलीवाल, अध्यक्ष प्रशांत जैन एवं प्रवीण छाबड़ा आदि शामिल थे। इस दौरान आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण कमल पर अभिषेक करते हुए पूज्य माता के अमृत वचनों से आचार्य विद्यासागर की पूजा अर्चना मंदिर में की।इस अवसर पर ओम का जाप करते हुए जैन धर्म की विश्व वंदनी सम्मेद शिखर के 24 तीर्थंकरों का ध्यान किया गया। विधि-विधान से सभी 24 तीर्थंकरों की पूजा की गई। साध्वी दुर्लभमति ने प्रवचन के दौरान जैन उपदेशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने तीर्थंकरों के दिए संदेश और उनका पालन करने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान योग अभ्यास भी कराया गया।



### महिलाओं, बालिकाओं और युवाओं ने किया योग

इस अवसर पर मंदिर परिसर में ही महिलाओं, बालिकाओं और युवाओं ने किया गया। साध्वी ने योग से होने वाले फायद और ध्यान से जुड़ी जानकारी दी। साध्वी श्री ने ने अपने अमृत वचनों से योग शिविर में भक्तों को ओम का जाप करते हुए जैन धर्म के विश्व वंदनी सम्मेद शिखर की 24 तीर्थंकर भगवान की टोंक का ध्यान करते हुए बहुत ही धार्मिक वातावरण में प्रकृति पद्धत तीर्थ वंदना का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व आप अपने परिजनों के साथ नित्य कर्म से निमित्त होकर प्रतिदिन योगासन करते हुए अपने शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए योग साधना करते रहें। इससे मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। शरीर निरोगी रहता है, मन में गलत विचारों का समावेश नहीं हो पाता।

### भक्तों ने किया श्रीफल अर्पण, महिलाओं ने गाए स्वागत वंदन गीत

इस अवसर पर जैन युवा ट्रेनर कुमकुम जैन का सम्मान जैन मिलन और पारसनाथ दिगंबर जैन सभा जय ट्रस्ट के सदस्यों ने श्रीफल अर्पण कर किया। तिलक लगाकर उसे आशीर्वाद देते हुए सम्मान किया। इस अवसर पर महावीर प्रकाश जैन, सचिन जैन, प्रशांत जैन, क्षितिज जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। साध्वी को श्रीफल भेंटकर समाज की महिलाओं ने सम्मानित किया गया। उनके लिए स्वागत वंदन गीत भी गाए। मंदिर परिसर में जैन मिलन जैन ट्रस्ट द्वारा मेडिकल टेस्ट का कैंप भी लगाया गया। निशुल्क जांच कर दवाओं का भी वितरण किया गया। दोपहर में तत्व चर्चा के साथ भक्तों ने गुरु वंदना, आनंद यात्रा और मंगल आरती की।



## सिटी इवेंट

### ट्विनसिटी की सुंदरता बनाये रखने पौधारोपण अभियान शुरू



**भिलाई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृहद पैमाने पर पौधरोपण अभियान नगर पालिक निगम भिलाई में चलाया जा रहा है। इसके लिए उद्यान विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग से 15000 पौधे की मांग की गई है। नगर निगम भिलाई के पांचो जोन क्षेत्र के तालाबों, शासकीय भवन, रिक्त स्थल, अस्पताल, स्कूल, कालेज परिसर, उद्यान, डिवाइडरो में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। सूर्या माल से के.पी.एस चौंक तक डिवाइडरो में लगभग 570 कनेर के पौधो का रोपण किया गया है। फलदार, फूलदार, छायादार और शोभायमान अलग-अलग प्रजाति के पौधे निगम क्षेत्र में लगाए जायेगे। जिससे भिलाई में बढ़ रहे पर्यावरण प्रदुषण को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। शासन के निर्देशानुसार वुमेन फार-ट्री योजना और एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधा रोपण कर रखरखाव किये जाने के लिए गाईडलाईन जारी हुआ है। निगम भिलाई द्वारा एक नागरिक एक पेड़ लगाने प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य पिछले वर्ष की सफलता को आधार बनाकर सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को बेहतर बनाते हुए सशक्त बनाना है। मां और पृथ्वी के प्रति सम्मान स्वरूप पौधारोपण के इस अभियान में जनसहभागिता, अंतर्विभागीय समन्वय और जिला स्तरीय नेतृत्व महत्वपूर्ण घटक है। पूर्व निर्मित 55 आधे विकसित उद्यानों के रिक्त स्थलों में वुमेन फार-ट्री योजना अंतर्गत पौधा लगाया जायेगा। योजना अंतर्गत स्व सहायता की महिलाओं द्वारा सुरक्षित उद्यानों में पौधा रोपण कर एक वर्ष तक सिंचाई एवं रखरखाव किया जायेगा।

## एजुकेशन इवेंट

### पौधारोपण कर बच्चों को कराया मुंह मीठा, किया पुस्तक वितरण



**भिलाई।** शासकीय हाई स्कूल बासीन में शाला प्रवेश उत्सव विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों को गुलाल लगाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिसके बाद शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों के हाथों पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया एवं उनको मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल बासीन के सभी शिक्षक व्याख्याता व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही शनिवार के शासकीय हाई स्कूल बासीन में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जन प्रतिनिधियों, ग्राम के वरिष्ठ जनों शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में योग एवं प्राणायाम में प्रमुखता से ताड़ासन, वज्रासन अनुलोम- विलोम, भ्रामरी और अन्य योगासन और प्राणायाम कराया गया। उसके लाभ व शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया गया। योग करने के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए विद्यालय में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासी, प्रतिनिधि, पूर्व जनपद सदस्य नूतन बंछोर, प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम कुमार वर्मा और तीनों संस्था प्रमुख प्राचार्य सरिता सिंह, प्रधान पाठक जे आर देशमुख संतोषी ठाकुर उपस्थित रही। इस आयोजन में डॉ त्रिलोक मढ़रिया और डॉ तरुण वर्मा का स्वास्थ्य चर्चा पर विशेष योगदान रहा।

## लाइव इवेंट

### ऑफिस फ़ाइल, मशरूम और मोमबत्ती प्रशिक्षण लेकर महिलाएं बनी स्वावलंबी



**भिलाई।** आजीविका स्व सहायता समूह दुर्ग बोरसी के द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क स्वरोजगारोंमुखी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन केलाबाड़ी साहू सदन दुर्ग मे किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रजनी विजय बघेल उपस्थित होकर महिलाओं के कार्यो का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी उद्बोधन में जीविका समूह शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यों और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने की दिशा में अनुकरणीय कार्य की सराहना की। रजनी बघेल ने कहा की यह समूह दिन प्रतिदिन अच्छे कार्यों के माध्यम से क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करे और सभी महिलाओं के साथ मेरा सहयोग हमेशा आपके साथ में रहेगा। जीविका स्व सहायता समूह छत्तीसगढ़ में अपनी अलग पहचान बना रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष ललेश्वरी साहू, उपासना साहू पूर्व पार्षद, पायल जैन, दमयंती साहू, रानी साहू, सोहद्रा गन्धर्व, गुनेश्वरी साहू, दुलेश्वरी साहू, देवकी टंडन, सविता साहू, निकिता,पुष्पा साहू, अजय चौधरी, नरोत्तम साहू, पंकज सहित लगभग 200 की संख्या में प्रशिक्षणार्थी महिलाओं ने कोबरा ऑफिस फ़ाइल, मशरूम प्रशिक्षण, मोमबत्ती प्रशिक्षण जैसे विभिन्न समाग्रियां बनाने का प्रशिक्षण लिया।

● सबका पर्व का अपना-अलग महत्व, लोग व्रत रख कर करेंगे दान-पुण्य

# आषाढ़ माह का हिन्दू पंचाग में विशेष महत्व, 26 से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत, 27 को रथयात्रा सहित कई व्रत और त्योहार

भिलाई। आषाढ़ माह हिन्दू पंचाग का एक महत्वपूर्ण महीना है जो प्रमुख रुप से व्रतों, त्यौहारों और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए विशेष मान्यता रखता है। क्योंकि इसी माह चातुर्मास का प्रारंभ भी होता है।आषाढ़ महीने में रथयात्रा के अलावा अनेक व्रत, त्यौहार पड़ रहा है। सभी का अपना एक अलग महत्व है। इसी माह गुप्त नवरात्रि भी आरंभ होगी। इसमें मां दुर्गा की पूरे 9 दिन तक विधि-विधान से पूजा, आराधना की जाएगी। मंदिरों में भजन, कीर्तन किए जाएंगे। यह महिना पूरी तरह से भगवान विष्णु और देवी तुलसी की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित रहता है।वैसे से तो साल के सभी माह में कुछ न कुछ व्रत त्यौहार पड़ता ही है। आषाढ़ माह भी उसी में शामिल है। इस माह जगन्नाथ पूजा की धूम तो रहेगी। गुप्त नवरात्रि व अन्य महत्वपूर्ण व्रत, त्यौहार भी आएंगे। सभी व्रतों, त्यौहारों का महत्व होने के कारण लोग इसे मानते भी हैं। 23 जून सोमवार को शिव चतुर्दशी का व्रत रखा जाएगा, वही 25 जून को हलहारिणी अमावस्या है। इस दिन लोग दान-पुण्य करेंगे।



### मंदिरों में होगी देवी आराधना

26 जून से आषाढ़ गुप्त नवरात्रि शुरुआत हो रही है और 4 जुलाई को समापन होगा। इस गुप्त नवरात्रि पर 9 महाविद्याओं की पूजा की जाएगी। यह समय महाकाली, भगवान शिव और शैव की पूजा करने वालों के लिए विशेष माना जाता है। तंत्र साधक इस दौरान विशेष साधनाएं करते हैं। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि में शहर के काली मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा, आराधना की जाएगी।



### ट्विनसिटी में 27 को रथयात्रा की रहेगी धूम

27 जून को रथयात्रा की धूम रहेगी। इस दिन ट्विनसिटी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति में बाजे-गाजे एवं कीर्तन मण्डली की धुन के साथ जगन्नाथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा निकलने से पहले दोपहर 1 बजे सभी जगन्नाथ मंदिरों में अतिथियों द्वारा छेरापहरा की रस्म निभाई जाएगी। रथ की रस्सी खींचने श्रद्धालुओं के बीच होड़ रहेगी। दोपहर 2 बजे रथयात्रा मंदिर से निकलेगी एवं शहर भ्रमण करते हुए महाप्रभु अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे। महाप्रभु रास्ते में भक्तों को दर्शन देते हुए शहर का हालचाल जानेंगे। मौसी गुंडिचा मंदिर में महाप्रभु पूरे 8 दिन रहेंगे। उनके सम्मान में पूरे 8 दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे। 5 जुलाई को बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथ यात्रा के मद्देनजर रथ का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कारीगरों द्वारा रथ का रंगरोगन कर उसे आकर्षक ढंग से तैयार किया जा रहा है।

### योगिनी एकादशी पर किया व्रत

रविवार 22 जून को योगिनी एकादशी पर भक्तों ने व्रत रखा। जिसका सोमवार को यानी आज सुबह 9 बजे तक पारण किया जाएगा। इस तिथि को काफी शुभ माना जाता है। वैदिक पंचाग के अनुसार आषाढ़ माह में योगिनी एकादशी मनाई जाती है। इस दिन श्रीहरि और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन व्रत को करने से भगवान विष्णु की कृपा से रुके सूर काम पूरे होते हैं। ज्योतिषों के अनुसार आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि रविवार को सुबह 7 बजकर 18 मिनट पर शुरू हुई, जो 22 जून को सुबह 4 बजकर 27 मिनट तक थी। ऐसे में 21 जून को दशमी युक्त एकादशी न कर 22 जून को द्वादशी युक्त योगिनी एकादशी का व्रत किया गया। इस एकादशी का काफी महत्व होता है, इसलिए काफी लोगों ने रविवार को व्रत रख नियम का पालन किया। मान्यता है कि योगिनी एकादशी पर व्रत रखने व संसार के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करने से सुख-सौमान्य बढ़ता है।

## सम्मान समारोह...

### टेपबॉल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भिलाई पैंथर विनर और रनर रही नित्या 11 की टीम



**भिलाई।** टेपबॉल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज चिखली दुर्ग के खेल मैदान में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट में विनर टीम भिलाई पैंथर और रनर टीम नित्या 11 विजेता रही। महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि दुर्ग आई जी राम गोपाल गर्ग, एस.आर.हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमेन संजय तिवारी, विष्णु पाठक, डॉ टोपेन्द्र शुक्ला, संजय नायक उपस्थित थे। इस महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक टेप बाल क्रिकेट काउन्सील ऑफ इण्डिया के छग प्रदेश सचिव संतोष भारद्वाज दवरा दुर्ग जिले की विभिन्न महिला क्रिकेट टीमें शामिल हुईं। महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में वुमेनस आफ द सिरीज आदिला खान व बेस्ट बालर शोभना ताम्रकार व बेस्ट फिल्डर सपना महानन्द रही। आई.जी.श्री गर्ग ने खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण करते हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। संस्था ने चेयरमेन संजय तिवारी ने आयोजन के लिए महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक संतोष भारद्वाज एवं उनकी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी



एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह टूर्नामेंट न केवल खेल को बढ़ावा देने में बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। टूर्नामेंट में जगजीत नारायण पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, रामचंद्र देशमुख, रूपा चेलक, डॉ नीलम चन्द्राकर, हरी साहू, रुपेश टेकाम, रश्मी साहू, ईशीका यादव सहित अन्य खेल प्रेमियों ने उत्साह से भाग लिया।

## महिलाओं को दिया टिप्स

### गर्भावस्था में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए नियमित योग और ध्यान जरूरी



**भिलाई।** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है ताकि एक स्वस्थ शिशु का जन्म हो सके। इसके लिए गर्भवती को अपनी डाक्टर की देखरेख और उनकी सलाह का पालन करना गर्भस्थ शिशु और मां के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। गर्भावस्था में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखने के लिए नियमित योग और ध्यान आवश्यक है। स्वास्थ से संबधित यह जरुरी जानकारी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मानसी गुलाटी ने गर्भ संस्कार शिविर के दौरान कही। पर श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन हेल्पिंग हेंड्स, हीलिंग लाइव के तत्वावधान में गर्भवती महिलाओं के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाए रखना था। इस सत्र का संचालन डॉ. मानसी गुलाटी और योग प्रशिक्षिका सरिता साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. मानसी गुलाटी ने बताया कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा है जो माँ और गर्भस्थ शिशु के बीच एक गहरा मानसिक संबंध बनाती है। गर्भावस्था में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखने के लिए नियमित योग और ध्यान आवश्यक है। वहीं योग प्रशिक्षिका सरिता साहू ने व्यावहारिक रूप से यह बताया कि गर्भवती महिलाएं किन योगासनों को कब और कैसे करें। उन्होंने यह भी समझाया कि योग से प्रसव प्रक्रिया सहज होती है, थकान और तनाव में राहत मिलती है। शिशु का मानसिक और शारीरिक विकास बेहतर होता है माँ को आत्मिक शांति और ऊर्जा प्राप्त होती है। इस आयोजन में भाग लेने वाली सभी महिलाओं ने योग के महत्व को अनुभव किया और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। फाउंडेशन महिलाओं के लिए निरंतर इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

## कार्नर न्यूज

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भिलाई।** धनोरा शासकीय मिडिल स्कूल में नए सत्र की शुरुआत के दिन से ही नन्हें बच्चों के चेहरे पर अलग खुशियां और उत्साह देखने को मिला। अवसर था स्कूली बच्चों के शाला प्रवेशोत्सव का। इस दौरान बच्चों की भारी भीड़ एकत्रित थी कई बच्चों को पहली बार स्कूल जाने पर नया ड्रेस, कॉपी, किताब और बस्ता मिलने की खुशी थी।

स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर और विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाईयां खिलाकर उनका स्वागत किया और ड्रेस, कॉपी-किताब का वितरण किया। इस दौरान नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल के घंटियों की आवाज फिर से गूंजने लगी।

सांसद विजय बघेल ने कहा, गवर्नमेंट स्कूलों के आते हैं बेहतर रिजल्ट

# भव्य शाला प्रवेशोत्सवः अनुशासन और संस्कारों की सीख देने के साथ देश के भविष्य बच्चों को बांटी खुशियां



### विजेताओं को पुरस्कृत

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। वही आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे किसी भी मामले में पीछे नहीं- विजय

इसी कड़ी में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा धनोरा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा ध्यान देने की बात है कि सरकारी स्कूल का रिजल्ट पिछले वर्षों से शत प्रतिशत रहा है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे किसी भी मामले में पीछे नहीं है। उन्होंने स्वयं के साथ विधायक ललित चंद्राकर और विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा की स्कूली पढ़ाई का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी ने स्कूल की पढ़ाई शासकीय स्कूलों में ही की है। कई सारे अभाव के बावजूद सरकारी स्कूलों ने लगातार उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमारी बच्चियों सब क्षेत्र में आगे हो रहे हैं। स्कूल और महाविद्यालय में भी बच्चियों के एडमिशन की संख्या काफी पढ़ गई है और यह बच्चियों बेहतर परफॉर्मेंस करते हुए अच्छा रिजल्ट भी ला रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में बेहतर पढ़ाई के साथ संस्कार और अनुशासन भी सिखाया जाता है। जो कि देश के निर्माण के लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर और विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत जनपद पंचायत के श्रद्धा साहू, प्रिया साहू, कुलेश्वरी देवांगन, जितेंद्र यादव, दुलारी घृतलहरे, जितेंद्र टंडन, राकेश हिरवानी, अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी, राजेश्वरी चंद्राकर, सुरेंद्र पांडेय, श्रवण सिन्हा, किरण चंदवानी सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक और स्कूल के शिक्षक उपस्थित थें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 27 से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा ₹रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें 27 से 29 जून तक यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका एकल, यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 24 जून शाम 07 बजे तक है। इसी तरह 10 से 12 जुलाई तक सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 7 जुलाई शाम 07 बजे तक है।

प्रतियोगिता में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता एवं रायपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप (दोनों में से किसी भी एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता) में भाग लेने वाले पंजीकृत खिलाड़ियों का चयन/प्रविष्टि ही 23वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2025 हेतु स्वीकार की जाएगी। जिसमें जिला के अन्य टूर्नामेंट को शामिल नहीं किया जाएगा। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने यह जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री की पहल से सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में चीन जाएगी शालू



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासकीय आर्थिक सहायता मिलने से पामगढ़ की बेटी शालू डहरिया आगामी 14 से 20 जुलाई तक चीन में होने वाली एशियाई महिला सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग ले पाएगी। शालू ने इस प्रतियोगिता में चुने जाने से पहले दो बार ट्रायल दिया था। जिसमे पहला ट्रायल आंध्र प्रदेश में 2 से 3 फरवरी के मध्य वही दूसरा ट्रायल 15 से 16 अप्रैल के बीच जम्मू कश्मीर में संपन्न हुआ। शालू कैचिंग और आउटफील्ड की खिलाडी है। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर वे इंडिया कैम्प में शामिल हुई। यह कैम्प इंदौर में आयोजित हुआ। कैम्प में भी कंसिस्टेंट परफॉरमेंस के बूते वे टॉप-16 में चुनी गयी और अब भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उक्त चयन और आगे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन के लिए आ रही आर्थिक दिक्कतों को जान कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्थानीय विधायक शेषराज हरवंश की पहल तथा जिला प्रशासन के सहयोग पर त्वरित कार्यवाही की गई। सीएम साय ने खिलाडी बेटी को कहा की "बेटी, तुम आगे बढ़ो, हम सब तुम्हारे साथ हैं।" मुख्यमंत्री साय ने वीडियो कॉल पर न सिर्फ शालू का हौसला बढ़ाया, बल्कि 1.70 लाख की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। अब शालू एशिया सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। शालू पामगढ़ के स्थानीय अकादमी में कमल सिंह निराला व कोच शीतल खांडे के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करती है। शालू की इस उपलब्धि में जिला व राज्य सॉफ्टबॉल संघ का भी सराहनीय योगदान है। शालू ने इस अवसर पर संघ, कोच, वरिष्ठ, खिलाड़ी, स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया.

### राष्ट्रीय टारगेटबॉल प्रतियोगिता के लिए रिंकी का हुआ चयन



**रायपुर।** अम्बिकापुर जिले की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिंकी सिंह का चयन उत्तराखंड में 21 से 25 जून तक आयोजित 12वीं सीनियर राष्ट्रीय टारगेटबाल प्रतियोगिता में आमंत्रित खिलाड़ी के रुप में हुआ है। रिंकी सिंह बेस्ट शूटर के रुप में जानी जाती है। जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप तेलंगाना व मथुरा और सीनियर वर्ग में हैदराबाद में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने शूटिंग की बदौलत प्रदेश को कांस्य पदक जीत दिला चुकी है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने रिंकी को स्पर्धा के लिए बधाई दी है।

## थॉयराइड की समस्या बढ़ रही सभी वर्ग में, समय पर उपचार जरूरी

# बच्चे भी आ सकते हैं थायरॉइड की चपेट में मिलते-जुलते लक्षण दिखें तो हो जाएं सचेत

थायरॉइड की समस्या हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है, ये शरीर को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। ये एक ऐसी बीमारी है, जिसे अक्सर हम बड़ों की समस्या मान लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये बीमारी बच्चों को भी हो सकती है?

मेडिकल रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि बड़ी संख्या में बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या देखी जा रही है। स्कूल जाने की उम्र वाले बच्चों में ये सबसे आम है। एक अनुमान के मुताबिक 1,000 में से लगभग 37 बच्चों को थायरॉइड की बीमारी हो सकती है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो ये बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों में थायरॉइड क्यों होता है और इसके क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?



### थायरॉइड और इसके जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, थायरॉइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गले के आगे की ओर स्थित होती है। यह ग्रंथि कई महत्वपूर्ण हार्मोन्स बनाती है जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने के लिए जरूरी हैं। जब ये हार्मोन कम या ज्यादा बनने लगते हैं, तो थायरॉइड की समस्या उत्पन्न होती है। जब बात बच्चों में भी थायरॉइड की समस्या को हो तो इसके अधिकतर मामले जन्मजात देखे जाते हैं, ये बाद में भी विकसित हो सकती है।




### बच्चों में थायरॉइड की पहचान कैसे करें?

थायरॉइड के लक्षण बच्चों में उम्र के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। सभी माता-पिता को इसपर ध्यान देते रहना जरूरी है। बच्चों में हाइपोथायरायडिज्म (हार्मोन्स का उत्पादन कम होने) के कारण आमतौर पर कब्ज, त्वचा में सूखापन, थकान, अधिक ठंड लगने, बालों के झड़ने, अनियमित मासिक धर्म (लड़कियों में), याददाश्त या ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्या अधिक देखी जाती रही है। यदि इस तरह की दिक्कतें आपके बच्चों को भी हो रही हैं तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच करा लें।

### बच्चों को इस रोग से कैसे बचाएं

कुछ बातों का ध्यान रखकर आप बच्चों को थायरॉइड की समस्या से बचा सकते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर नवजात स्क्रीनिंग टेस्ट कराएं। जन्म के तुरंत बाद टीएसएच और टी4 की जांच कराना ये पता करने में मदद करता है कि कहीं बच्चे को जन्मजात ये समस्या तो नहीं है। आयोडीन युक्त नमक का सेवन कराएं, आयोडीन थायरॉइड के ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए जरूरी है। बच्चे के विकास और व्यवहार पर नजर रखें , कोई असामान्यता दिखे तो डॉक्टर से जांच कराएं। परिवार में पहले से किसी की थायरॉइड की समस्या रही हो विशेष सावधानी बरतें। बच्चों को संतुलित और पोषक आहार (विटामिन ए-डी, आयरन) से भरपूर आहार दें।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, थायरॉइड की समस्या बच्चों में भी गंभीर रूप ले सकती है, लेकिन समय रहते पहचान और इलाज से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। नवजात की जांच से लेकर सही आहार और जीवनशैली तक, हर कदम पर सतर्कता जरूरी है। यदि आपका बच्चा सुस्त रहता है, ठीक से विकास नहीं कर रहा या पढ़ाई में पिछड़ रहा है, तो इसे 'आलस' या 'धीमा स्वभाव' समझने की बजाय एक बार डॉक्टर से मिलकर थायरॉइड टेस्ट जरूर करवाएं।



### एशियन म्यूथाई चैंपियनशिप में रायपुर के भावजोत और शुभम सेमीफाइनल में

**रायपुर।** सीनियर एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप, 20 से 26 जून तक थाई न्यूएन प्राविंस वियतनाम में जारी है। छत्तीसगढ़ के खेल जगत में म्यूथाई खिलाड़ियों के अनवरत शानदार प्रदर्शन की कड़ी में दो और अंतरराष्ट्रीय पदक आने की संभावना प्रबल हो गई है। इस चैंपियनशिप में दल्लीराजहरा निवासी (वर्तमान में रायपुर) शुभम कुमार निषाद (अंडर-23, -51 किग्रा) और भावजोत सिंह कोहली (अंडर-23, -75 केजी) अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुँच गए है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि भावजोत का सेमीफाइनल सोमवार 23 जून को हॉन्गकॉन्ग के मींग हई यिप से होगा। इसी प्रकार शुभम कुमार निषाद भी अपने वजन वर्ग के सेमीफाइनल में पहुँच गए है जो 24 जून को होगा। उक्त एशियन म्यूथाई चैंपियनशिप में भारत के अलावा मेज़बान विएतनाम, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग, तुरकेमिस्तान, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, थाईलैण्ड, मंगोलिया, मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपीन्स, चीनी ताइपे, कजाखिस्तान, यू ए ई, साउथ कोरिया, इराक़, इंडोनेशिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के आमंत्रित खिलाड़ी भाग ले रहे है। उल्लेखनीय है कि 23 सदस्यीय भारतीय म्यूथाई दल में छत्तीसगढ़ से चयनित मात्र दोनों खिलाड़ी देवेन्द्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी एंड फिटनेस सेन्टर के संचालक अमन यादव (भाजपा प्रदेश कला एवँ खेल प्रमुख) के शिष्य है। दल्लीराजहरा निवासी शुभम वर्तमान में विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी में सहायक प्रशिक्षक है।

### डेढ़ महीने तक खेलों के गुर सीखे 200 से ज्यादा बच्चों ने

**रेलवे का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न**




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर में 51 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 21 जून को गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मनोज गुरुमुखी मुख्य अतिथि एवं उप महाप्रबंधक (सामान्य) समीरकांत माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पहले 1 मई से 15 जून तक निर्धारित किया गया था, किंतु बच्चों के उत्साह और जोश को देखते हुए इसे एक सप्ताह बढ़ाकर 21 जून तक किया गया। इस शिविर में कुल 235 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसमें क्रिकेट में 170, बॉक्सिंग में 40 तथा आर्चरी में 25 बच्चों ने हिस्सा लिया।

बच्चों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु रेलवे के वरिष्ठ प्रशिक्षकों के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को सभी आवश्यक खेल उपकरण, प्रशिक्षण किट एवं जर्सी भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि बच्चों ने गर्मी, उमस और बारिश के बावजूद शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ अपना समर्पण एवं अनुशासन दिखाया।

समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और स्पोर्ट्स स्टाफ को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज गुरुमुखी ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा और अनुशासन सराहनीय है और भविष्य में ये खिलाड़ी रेलवे एवं देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर आयोजकों ने जानकारी दी कि अगले वर्ष समर कैंप में और भी खेलों को शामिल करने तथा पूरे वर्ष भर प्रशिक्षण जारी रखने की योजना बनाई जा रही है। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागी बच्चों, उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों को इस शिविर को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कोल्ड ड्रिंक को कहें अलविदा घर पर बनाएं जामुन शॉट्स

जामुन शॉट्स एक ठंडा शरबत या हेल्दी ड्रिंक होता है, जिसे शॉट ग्लास में सर्व किया जाता है। इसमें जामुन का खट्टा-मीठा स्वाद और मसालों का तड़का इसे खास बनाता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को आंतरिक ठंडक पहुंचाकर आपको तरोताजा करेंगे।

#### जामुन शॉट्स बनाने का सामान

पके हुए जामुन–1 कप, भुना हुआ जीरा– टीस्पून,काला नमक–स्वादानुसा, नींबू का रस–1 टी स्पून,पुदीने की पत्तियां, कुछ बर्फ के टुकड़े,सोडा– कप

#### जामुन शॉट्स बनाने की विधि



जामुन शॉर्ट बनाने के लिए सबसे तो जामुन लाकर उसे अच्छी तरह से धो लें। ध्यान रखें कि ये बिल्कुल गंदे नहीं होने चाहिए। अब जामुन को धोककर उसका गूदा निकाल लें। ये सबसे कठिन काम होने वाला है। आपको जामुन में से गूदा और गुठली को अलग कर देना है और फिर गूदे को एक कटोरी में निकाल लेना है। गूदा निकालने के बाद जामुन के गूदे में काला नमक, भुना जीरा और नींबू रस मिलाएं। इसके बाद इसे मिक्सी में थोड़ा पानी डालकर ब्लेंड कर लें।इसके बाद अब एक शॉर्ट ग्लास के किनारों पर हल्का सा नमक चिपका लें, इससे सजावट अच्छी लगती है। अब इस गिलास में बर्फ डालें, ऊपर से जामुन शॉट्स का मिश्रण डालें। इसके बाद स्वाद बढ़ाने के लिए आखिर में इसमें सोडा डालें। परोसने से पहले दो पत्ती पुदीने को गिलास के ऊपर रखें और सर्व करें।

### एफआई की जिला तकनीकी अधिकारी परीक्षा में राज्य से 3 को जवाबदारी



**रायपुर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला तकनीकी अधिकारी (डीटीओ) परीक्षा में छत्तीसगढ़ से तीन पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई। फेडरेशन ने 8 जून को यह परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की, जिसके लिए 1557 लोगों ने अपना पंजीयन कराया था। उक्त परीक्षा हेतु एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा ऑनलाइन सेमिनार का औपचारिक उद्घाटन 15 मई को एफआई के पदाधिकारियों के स्वागत भाषण के साथ हुआ। 16 से 30 मई तक ऑनलाइन (जूम) सेमिनार दिया गया। चेयरमैन टेक्निकल कमेटी एफआई के डॉ ललित के भनोट के मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ मे आफिशियल तैयार किए जा रहे है। फेडरेशन द्वारा पीजे सेबेस्टियन को छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश का समन्वयक बनाया गया। राज्य के एनटीओ एवं वरिष्ठ एफटीओ बेंजामिन एमसी, पीजी जयकृष्णन और के श्रीनिवास ऑनलाइन माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे विभिन्न राज्यों में व्याख्यान देने के लिए सेमिनार में शामिल हुए। सेमिनार और परीक्षा की विस्तृत रिपोर्ट संघ के सचिव अमरनाथ सिंह को प्रस्तुत की गई।

**कार्नर न्यूज**

## बढ़ती उम्र में लड़कियों के मन आने वाले सवाल का जवाब होता है सिर्फ मां के पास

# हर मां को अपनी टीनएज बेटी से करनी चाहिए कुछ जरूरी बातें, ताकि उनका जीवन बने आसान

हर मां के लिए उनकी बेटी उनका गुरूर होती है। बिटिया को जन्म देने से लेकर उनकी हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान मां ही रखती हैं। जैसे-जैसे बच्चियां बड़ी होती हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक बदलावों से जूझना पड़ता है। ऐसे टीनएज बेटियों से दोस्त की तरह बातचीत करना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर मां यह पहल करती है, तो बेटी ना सिर्फ जीवन में आत्मनिर्भर बनती है, बल्कि भविष्य में बेहतर फैसले भी ले पाती है। इसीलिए कहा जाता है कि एक मां और उसकी टीनेज बेटी के बीच संवाद बहुत जरूरी होता है, क्योंकि टीनएज की ये उम्र सबसे संवेदनशील होती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जो आपको अपनी बेटी से अवश्य करनी चाहिए।

### आत्मसम्मान की अहमियत

अक्सर घरों में लड़कियों को सिखाया जाता है कि कोई कुछ भी कहे, पर तुम्हें कभी जवाब नहीं देना है। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अपनी बिटिया को सिखाएं आत्मसम्मान की अहमियत क्या है। आत्मसम्मान बेहद जरूरी है। अपनी बेटी को सिखाएं कि यदि कोई आपकी इज्जत नही करता है, तो ऐसे व्यक्ति को तुरंत जवाब देकर उन्हें उनका दायरा बताएं।



### पीरियड्स के बारे में करें खुलकर बात

टीनएज बच्चों के शरीर में काफी बदलाव होते हैं। खासतौर पर अगर आपके घर में बेटी है तो उससे पर्सनल हाइजीन, पीरियड्स बॉडी चेंजेस और सेक्स एजुकेशन से जुड़ी जरूरी जानकारी दें ताकि वह किसी भ्रम या डर का शिकार न हो। उन्हें बताएं कि पीरियड्स कोई बीमारी नहीं है, बल्कि ये एक शारीरिक प्रक्रिया है, जो बेहद जरूरी है।

### गुड टच बैड टच समझाएं

ये बात आपकी बच्ची को बहुत छोटे से बता देनी चाहिए। वैसे तो गुड टच और बैड टच की शिक्षा स्कूल में ही मिल जाती है, लेकिन फिर भी अपनी बेटी को सही और गलत तरीके से छूने की पहचान बताएं। उन्हें ये भी बताएं कि यदि कोई उनके साथ ऐसा करता है, तो इस बात की शिकायत तुरंत अपने माता-पिता से करें।



### सीमाओं के बारे में समझाएं

यदि आपके घर में बेटी है तो उन्हें उनकी सीमाओं के बारे में भी बताएं। उन्हें बताएं कि दोस्ती, आकर्षण और प्यार में काफी फर्क होता है। इन तीनों चीजों में एक दायरा होता है, जिसके बारे में सही समझ होना जरूरी होते हैं।

### 'न का मलतब न' ये अवश्य सिखाएं

ये सबसे अहम बात है, जो आपकी बिटिया को पता होनी चाहिए। इसके लिए आपकी बेटी में 'ना' कहने का हक़ और हिम्मत दोनों होनी चाहिए। उन्हें बताएं कि यदि कोई चीज पसंद नहीं आ रही है, तो सामने वाले को क्लीयर न कहें। यदि आपकी न को कोई सीरियसली नहीं ले रहा है तो उन्हें बताएं कि वो घरवालों से बात कर सकती हैं।

### उन्हें बताएं कि आप उनकी दोस्त हैं

सबसे आखिर में अपनी बिटिया को यकीन दिलाएं कि आप उनकी दोस्त हैं। ऐसे में वो जब चाहें किसी भी बारे में अपनी मां से बात कर सकती हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रेबेल ने 'ब्राइड हार्ड' के सेट पर हुए हादसे को किया याद, बोलीं- डर गई थी बुरी तरह



हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस रेबेल विल्सन के साथ फिल्म 'ब्राइड हार्ड' के सेट पर बड़ा हादसा हुआ। एक्शन सीन करते हुए उनकी नाक तक कट गई। इस हादसे के बारे में रेबेल विल्सन ने डिटेल में बात की है। एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'ब्राइड हार्ड' का रेबेल विल्सन हिस्सा हैं। 45 साल की इस हॉलीवुड एक्ट्रेस ने इस फिल्म में जमकर एक्शन सीन्स किए हैं। मगर जब फिल्म की शूटिंग खत्म हो रही थी तो एक्शन करते हुए उनकी नाक में चोट लगी और यह लगभग कट ही गई। इस हादसे से रेबेल डर गईं। इलाज के बाद वह ठीक हो चुकी हैं। हाल ही में इस हादसे का जिक्र इस हॉलीवुड एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में किया है। रेबेल विल्सन कहती हैं, ' फिल्म 'ब्राइड हार्ड' में मुझे एक्शन करना अच्छा लगा। मुझे लगा कि यह मजेदार काम है। मैंने पहले ज्यादा एक्शन सीन्स फिल्मों में नहीं दिए हैं। लेकिन शूटिंग के आखिरी दिन सुबह 3 बजे मेरे साथ एक हादसा हुआ। एक फाइट सीन में गलती से एक बंदूक मेरे चेहरे पर लग गई। इससे मेरी नाक कट गई। सेट के लोग मुझे हॉस्पिटल लेकर गए। उस दौरान मैंने सोचा कि क्या मेरा चेहरा कभी ठीक हो पाएगा? मगर मैं लकी रही कि प्लास्टिक सर्जन ने मेरी नाक को ठीक कर दिया।'

रेबेल विल्सन ने सोशल मीडिया पर अपनी नाक पर लगी चोट की तस्वीरें भी साझा की हैं। साथ ही वह बताती हैं कि उन्हें नाक पर लगे चोट के निशान को ठीक करने के लिए लेजर ट्रीटमेंट का सहारा लेना पड़ा। वह कहती हैं, 'वैसे अब मैं टॉम क्रूज और डेनियल क्रेग की लिस्ट में शामिल हो गई हूं। वे भी एक्शन मूवी करते हुए घायल हुए हैं।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल ने 'दृश्यम 3' का किया खुलासा, अक्टूबर में शुरू होगी शूटिंग



साउथ सुपरस्टार मोहनलाल ने इस साल 'एल 2 एम्पुरान' और 'थुडारम' जैसी फिल्में दी हैं। अब मोहनलाल ने अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' की तीसरी कड़ी का भी एलान कर दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है।

अभिनेता मोहनलाल ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट में मोहनलाल के इंटेंस लुक से होती है। जिसमें उनकी आंख पर केंद्रित किया गया है। इसके बाद स्क्रीन पर लिखकर आता है 'दृश्यम 3'। बाद में वीडियो में मोहनलाल फिल्म के निर्देशक जीतू जोसेफ और निर्माता एंटनी पेरुंबवूर के साथ गले मिलते और मुस्कुराते हुए नजर आते हैं। अंत में लिखकर आता है 'लाइट कैमरा अक्टूबर।' इस वीडियो को शेयर करते हुए मोहनलाल ने कैप्शन में लिखा, 'अक्टूबर 2025 - कैमरा वापस जॉर्जकुट्टी की ओर मुड़ता है।' जिससे स्पष्ट है कि फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू होगी। दृश्यम एक सस्पेंस थ्रिलर मर्डर फिल्म है। जिसके दो पार्ट पहले ही आ चुके हैं। साल 2013 में मोहनलाल दृश्यम लेकर आए थे। इसके बाद 2021 में दृश्यम 2 रिलीज हुई थी। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी काफी सफल रही थीं और क्रिटिक्स ने भी इन फिल्मों को सराहा था। अब मोहनलाल फिल्म का तीसरा पार्ट 'दृश्यम 3' लेकर आ रहे हैं। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज है। मोहनलाल की अब तक आईं दोनों ही दृश्यम का हिंदी में भी रीमेक बना है। जिनमें अजय देवगन और तब्बू प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। हिंदी में भी इन दोनों ही फिल्मों को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इन दोनों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की।

### भोजपुरी

## धमाल कर रहा प्रेमानंद पर बना खेसारी का नया गाना, मिले मिलियन व्यूज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने अभिनय के साथ-साथ गायिकी के लिए भी लोकप्रिय हैं। आए दिन वे नए-नए गाने रिलीज करते हैं। यूं तो खेसारी अधिकांश धूम-धड़ाके वाले गाने लेकर आते हैं। मगर, हाल ही में वे भक्ति सॉन्ग लाए हैं। यह गाना आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज के ऊपर है। इस गाने को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। खेसारी लाल यादव के नए गाने का टाइटल है 'तेरे प्यार में पागल प्रेमानंद'। यह गाना गुरुवार 19 जून को यूट्यूब पर रिलीज हुआ। इसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। दो दिनों के अंदर गाने को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। खबर लिखे जाने तक गाने को 16, 46, 907 व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में खेसारी लाल भक्ति भाव में डूबे हुए हैं। पीले रंग के वस्त्र धारण कर वे भजन गा रहे हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने गाया है। वहीं, इसके बोल लिखे हैं मनोज मतलबी ने। संगीत जयदीप वर्मा ने तैयार किया है। लक्की विश्वकर्मा ने गाने का निर्देशन किया है। यह गाना 'खेसारी डिवोशनल' नाम के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। वृंदावन निवासी आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज पर बने इस गाने पर यूजर्स के कमेंट भी काफी अच्छे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यकीन मानिए खेसारी जी आप भक्ति गाने और ज्यादा मीठा आवाज में गाते हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खेसारी लाल ने अब तक इतनी सच्ची भावना से कोई भी गाना नहीं गाया था।

### फिटनेस के लिए फैशन

### लाइफ स्टाइल



> फैशन अब सिर्फ़ लाइफ स्टाइल का विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि फिटनेस भी अब वैश्विक फैशन में एक महत्वपूर्ण प्रभावशाली प्रवृत्ति बन गया है। एक्टिववियर की बिक्री में तेज़ी आ रही है, और एक्टिव स्पोर्ट्स परिधान आज फैशन में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली श्रेणियों में से एक है।

## नेल पॉलिश खरीदते वक्त गलतियां हो जाती है अक्सर, आप भी जानें और रहें इससे बचकर



जिस तरह से मेकअप महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, ठीक उसी तरह से नेल पॉलिश की वजह से हाथों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बाजार में मिलने वाली नेल पॉलिश या नेल पैंट महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा है। ये बड़ी ही आसानी से आपको कम दाम में भी मिल जाती है। पर, क्या कभी आपने देखा है कि एक ही शेड हर किसी पर अच्छा नहीं लगता है। ऐसा गलत नेल पॉलिश के चयन की वजह से होता है। जी हां, नेल पॉलिश खरीदते समय जब स्किन टोन का ध्यान न दिया जाए तो ये आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की जगह घटा देती है। यही वो गलती है जिसे ज्यादातर महिलाएं करती हैं।

**फेयर टोन :** यदि आपकी स्किन टोन फेयर है, यानी कि रंग गोरा है तो बहुत डार्क ब्राउन या मड शेड्स से दूरी बनाकर रखें। इससे आपके हाथ अजीब से दिखेंगे। इनकी बजाय आप पिंक, पीच, बेबी ब्लू, लाइट रेड, लैवेंडर रंगों का चयन कर सकती हैं। ये फेयर टोन पर देखने में अच्छे लगते हैं।

**मीडियम टोन:** यदि आपकी स्किन टोन मीडियम है यानी कि रंग गेहुआ है तो बहुत लाइट पिंक और पीले जैसे रंगों से दूरी बनाएं। इसकी जगह अगर आप कोरल, रोज़ गोल्ड, मरून, ब्राउन-न्यूड्स, मल्टीकलर शिमर नेल पॉलिश इस्तेमाल करेंगी तो आपके हाथ देखने में खूब अच्छे लगेंगे।


**डार्क टोन:** यदि आपकी स्किन टोन डार्क है यानी कि रंग सांवला है तो सफेद या फिर पेस्टल रंगों से दूर रहें। इसकी जगह आप बर्गंडी, प्लम, डार्क रेड, डीप ब्लू, ब्रॉन्ज़, मेटालिक शेड्स का चयन कर सकती हैं। ये रंग आपके नाखूनों की रंगत कई गुना बढ़ा देंगे।

**इस बात का भी ध्यान रखें:** नेल पॉलिश खरीदने जा रही हैं तो ये बात जहन में रखें कि नेल पॉलिश सिर्फ नाखूनों की से लिए नहीं होती, इसकी वजह से आपकी पर्सनालिटी अलग दिखती है। खासतौर पर अगर आप स्किन टोन को ध्यान में रखकर शेड चुनती हैं, तो न सिर्फ आपके हाथ खूबसूरत दिखेंगे, बल्कि आपका ओवरऑल लुक भी ग्लैमरस और बैलेंस्ड लगेगा।

## आपको पता होगी कुछ खास फैशन हैक्स तो बन जाएंगी स्टाइलिश



ऐसी कोई महिला नहीं होगी, जो चाहती हो कि तैयार होने के बाद उनका लुक खराब दिखे। अपने लुक को सबसे बेस्ट बनाने के लिए महिलाएं बॉलीवुड से लेकर हर टॉप अभिनेत्री के लुक्स देखती हैं। पर, कई बार एक छोटी सी गलती उनकी मेहनत पर पानी डाल देती है।



### टी शर्ट को बनाएं क्रॉप टॉप



यदि आप किसी टीशर्ट को पहन-पहन कर बोर हो गई हैं तो बिना सोचे उससे क्रॉप टॉप तैयार कर लें। इसके लिए आपको टी शर्ट को काटने की जरूरत नहीं है। बल्कि इसके लिए सिर्फ अपनी लंबी टी-शर्ट को सामने से थोड़ा अंदर मोड़ें और पीछे से नॉट बांधें। आप इसका उल्टा भी कर सकते हैं, यानी कि पीछे से टीशर्ट को इन करके आगे से गांठ बांध लें।

### जींस टाइट हो गई है तो क्या करें

यदि आपकी जींस टाइट हो गई है और उसका बटन बंद नहीं हो रहा है तो एक रबड़ बैंड को बटन पर लपेटें और फिर उसे बटन से बटनहोल में घुमाकर वापस बटन पर लपेट दें। इसके बाद आपको बटन बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### डीपनेक या बैकलेस में कैसे इनरवियर पहनें ?

एथनिक से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में अब बैकलेस और डीपनेक आउटफिट आने लगे हैं। ऐसे में इसके साथ सही इनरवियर पहनना जरूरी है। यदि आप गलत इनरवियर पहनेंगी तो ये बाहर से दिखेंगे, जिससे आप खुद असहज हो सकते हैं। ऐसे में साधारण इनरवियर की जगह स्टिक-ऑन टेप या निपल पैच का इस्तेमाल करें।

### ओवरसाइज़ कपड़े को ऐसे करें स्टाइल

अक्सर हम ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन भी ऐसे कपड़े खरीद लेते हैं, जो साइज में बड़े होते हैं। ऐसे आउटफिट्स को आप बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं।

## पाउडर फाउंडेशन है अब ट्रेंड में, जानें इसके फायदे और इस्तेमाल का तरीका



जैसे एक समय तक फाउंडेशन क्रीम बेस्ड आता था, लेकिन अब महिलाओं का झुकाव पाउडर बेस्ड फाउंडेशन की तरफ हो गया है। इसका इस्तेमाल करना आसान होता है, और इससे चेहरा खिला-खिला भी लगता है। पाउडर फाउंडेशन इस्तेमाल करने के फायदे हैं इसका इस्तेमाल जरूर जानिए।

### क्या होता है पाउडर फाउंडेशन?

दरअसल, ये एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जो चेहरे को स्मूद, मैट और ईवन टोन लुक देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके इस्तेमाल के बाद आपको चेहरे पर पाउडर का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। इसे ब्रश, पफ या फिर स्पंज की मदद से लगाया जा सकता है।

### ऐसे करें अप्लाई

पहला स्टेप- इसे अप्लाई करने के लिए सबसे पहले हमेशा की तरह ही अपने चेहरे को तैयार करना है। उसके चेहरे चेहरे को धोकर उसपर पहले तो मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका फाउंडेशन लंबे समय तक टिक जाए। दूसरा स्टेप- इसके बाद आपको ऐसे टूल का चयन करना है, जिससे आप आसानी से पाउडर फाउंडेशन को अप्लाई कर सकें। इसके लिए आप ब्रश, पफ या ब्यूटी स्पंज का इस्तेमाल कर सकते हैं। तीसरा स्टेप- सही टूल चुनने के बाद इससे चेहरे पर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पाउडर फाउंडेशन अप्लाई करें और इसे पूरे चेहरे पर सही से ब्लेंड करें। याद रखें कि ये सबसे अहम स्टेप है। पाउडर फाउंडेशन को पूरे चेहरे पर एकसार लगाएं, जिससे चेहरे पर कहीं कोई पैच न दिखे। बस ये अप्लाई हो गया है, अब इसके बाद आप अन्य मेकअप कर सकते हैं।

## स्किन से जुड़ी हर दिक्कत का हल है ये नियासिनमाइड, जानें इसके बारे में

आजकल आपने अक्सर टीवी पर सुना होगा कि जिन स्किन केयर प्रोडक्ट में नियासिनमाइड होता है, वो त्वचा की कई परेशानियों को दूर करते हैं। इसलिए आपको इसके बारे में जानना जरूरी है।

### सबसे पहले जानें कि नियासिनमाइड क्या है?

दरअसल, नियासिनमाइड को निकोटिनामाइड भी कहा जाता है। ये पानी में घुलनशील विटामिन है जो त्वचा की हेल्थ को बेहतर बनाता है। इसका इस्तेमाल चेहरे के लिए सीरम, मॉइश्चराइज़र और क्रीम में किया जाता है। अब जानते हैं कि इसके फायदे और नुकसान क्या हैं। अब जानिए इसके फायदे भी।

### स्किन टोन को निखारे

यदि आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो ऐसे प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें, जिसमें नियासिनमाइड हैं। क्योंकि नियासिनमाइड के नियमित उपयोग से चेहरे पर आए डार्क स्पोट्र्स, पिग्मेंटेशन को कम करता है। इससे चेहरे की डीप क्लीनिंग होती है, जिक कारण स्किन टोन में निखार आता है।



### चेहरे के अतिरिक्त तेल को करे कंट्रोल

यदि आपका चेहरा काफी ऑयली है तो भी नियासिनमाइड वाले स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। ऐसे प्रोडक्ट चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करते हैं, जिस कारण त्वचा पर आने वाले मुंहासे भी कम होते हैं।

### कार्नर न्यूज

### खुद को ऐसे स्टाइल करें कि लोग देखते ही इंप्रेस हो जाएं

## आपमें हसरत है स्टाइल आइकन बनने की तो कुछ बातें जरूर याद रखेंगे, दिखेगा जलवा

युवा वर्ग के लड़कों में ये जानने की बहुत उत्सुकता होती है, कि आखिर महिलाओं को कैसे लड़के ज्यादा अच्छे लगते हैं। वो ये जानना चाहते हैं कि खुद को किस तरह से स्टाइल करें, कि महिलाएं उन्हें देखते ही उनसे इंप्रेस हो जाएं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो इन सवालों का जवाब जानना चाहते हैं, तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। यहां हम आपको बताएंगे कि महिलाओं और लड़कियों को कैसे टाइप के पुरुष स्टाइलिश लगते हैं। यदि आप भी इन बातों का ध्यान रखेंगे तो कोई न कोई आपसे से भी इंप्रेस हो जाएगा।

### जो पहनें साफ कपड़े

लड़के अक्सर जल्दबाजी के चक्कर में एक ही कपड़े बिना धोए को बार-बार रिपीट करके पहनते हैं। अगर ये गंदे नहीं है और इनमें से बदबू नहीं आ रही है तब तो ठीक है, लेकिन अगर ये गंदे हैं तो आप ये गलती न दोहराएं। महिलाएं उन पुरुषों को ज्यादा पसंद करती हैं, जो हमेशा साफ-सुथरे कपड़े पहनते हैं। इन कपड़ों से बदबू तो कतई नहीं आनी चाहिए।



### जो ग्रूमिंग पर ध्यान दें

वैसे तो आज-कल के युवा लड़के अपनी ग्रूमिंग पर काफी ध्यान देते हैं। पर, अगर आप ऐसा नहीं करते तो संभल जाइए। हफ्ते में कम से कम एक बार सैलून जाकर ग्रूमिंग कराइए। यानि कि हफ्ते में कम से कम एक बार आपको हेयर कट लेना चाहिए और दाढ़ी भी सेट करा लेनी चाहिए। इसके साथ-साथ बालों को हमेशा सेट करके रखें, बिखरे बाल लुक खराब कर सकते हैं।

### जो साफ और सही जूते पहनें

जूते आपके स्टाइल और व्यवहार को दर्शाते हैं। ऐसे में अपने आउटफिट के हिसाब से ही आउटफिट पहनें। जैसे आप फॉर्मल आउटफिट के साथ कभी स्पोर्ट्स शूज नहीं पहन सकते। इसके साथ-साथ ये भी ध्यान रखें कि ये जूते साफ ही होने चाहिए। गंदे जूते आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं।



### जो स्मार्ट एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें

सिर्फ कपड़े जरूरी नहीं है, महिलाओं को इंप्रेस करने के लिए आपके लुक में सही और स्मार्ट एक्सेसरीज का होना जरूरी है। जैसे कि घड़ी, बेल्ट, ब्रेसलेट या परफ्यूम जैसी छोटी चीज़ें आपके लुक को कम्प्लीट करती हैं। बस ध्यान रखें कि ज्यादा चीजों का इस्तेमाल न करें और परफ्यूम को काफी लाइट ही रखें।

### सबसे जरूरी है आत्मविश्वास

ऊपर दिए गए टिप्स के साथ-साथ आपमें आत्मविश्वास बेहद जरूरी है। ध्यान रखें कि भले ही आप कितने ही महंगे कपड़े पहन लें, या कितनी भी अच्छी एक्सेसरीज इस्तेमाल कर लें, लेकिन अगर आपमें आत्मविश्वास नहीं है, तो सब चीजें बेकार हैं। इसलिए किसी महिला को इंप्रेस करना है तो आत्मविश्वास को सबसे ऊपर रखें।